www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 15 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष चर्तुदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-07 अंक-354 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

हमेशा दूसरों की सफ़लता पर ध्यान देने से बेहतर है, अपनी सफ़लता पर ध्यान देकर उनसे भी बेहतर बन जाना।

आज बेबाक

इसे ही कहते है अंधेर नगरी चौपट राजा। भीषण महंगाई की मार झेल रहे भिखारिस्तान में महंगाई पर लगाम लगाने के लिए वहां के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने एक नया फरमान जारी किया है। उन्होने आदेश दिया है कि अब सभी सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में पांच दिन के बदले छह दिन काम किया जाएगा और सभी जगह आठ घंटे के बहले 10 घंटे काम किया जाएगा। काम की अवधि बढ़ाने से महंगाई पर कैसे अंकुश लगेगा? इस अबूझ पहेली को तो लाल बुझक्कड़ भी हल नहीं कर सकता। यह तो वहीं बात हुई कि मारो घुटना और फूटे आंख।

अंबेडकर चौक में लगेगी बाबा साहेब की 20 फीट ऊंची नई प्रतिमा

मंगल भवन और ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 50-50 लाख देने की सीएम ने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार को अंबेडकर चौक में आयोजित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने मंगल भवन के लिये 50 लाख और देवेन्द्रनगर स्थित बौद्ध विहार में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 50 लाख की राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने अंबेडकर चौक में नगर निगम द्वारा बाबा साहेब की 20 फीट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने दलित, शोषित और वंचितों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वे जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत दलितों के उद्धार में लगे रहे। उन्होंने सामाजिक दंश झेलने के बावजूद भी उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज की सेवा और उत्थान में जुड़ गए। बाबा साहेब अंबेडकर ने मंत्र दिया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। शिक्षा ही हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का भान कराती है। जब हमें अपने कर्तव्य का भान होता है, हम अपनी उपेक्षा के विरुद्ध सोचते हैं, यही विचार हमें संघर्ष की प्रेरणा देती है और संघर्ष संगठित होकर ही किया जाता है। बाबासाहेब का दिया संविधान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूर्योदय

उदय : 6.07 प्रातः

अस्त : 6.46 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,939,857,467

भारत : ,404,577,753

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 53,840 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 67,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.82 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	40.8	25.5
बिलासपुर	40.6	25.7
जगदलपुर	37.4	22.6
अंबिकापुर	39.0	22.0

आज का दिवस

विश्व कला दिवस

हर साल 15 अप्रैल को कला के विकास, प्रचार-प्रसार और कला को बढ़ावा देने के लिए विश्व कला दिवस मनाया जाता है। विश्व कला दिवस ललित कलाओं का एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव है जिसे अंतर्राष्ट्रीय संस्था ऑफ आर्ट द्वारा दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। इस दिन को एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के लिए कला को बढ़ावा देना एक माध्यम के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि यह कलात्मक अभिव्यक्तियों की विविधता के बारे में अधिक जागरूकता को प्रोत्साहित करता है।

दुनिया को फिर से डराने लगा कोरोना

चीन से लेकर कोरिया तक हाहाकार

नई दिल्ली (ए)। कोरोना महामारी फिर एकबार दुनिया को डराने लगी है। दक्षिण कोरिया में इसके सबसे अधिक प्रकोप देखने को मिल रहा है। यहां बीते 24 घंटे में 1.48 लाख नए केस सामने आए हैं। वहीं, चीन की स्थिति भी पहले से काफी बिगड़ी है। कल यहां संक्रमण के 26 हजार से अधिक नए मामले सामने आए थे। हालांकि, भारत में फिलहाल स्थिति सामन्य है। यहां अभी सिर्फ 11 हजार के करीब ही एक्टिव मामले हैं। रोजोना पॉजिटिव मामले भी एक हजार के आसपास ही टिके हैं।

दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 148,443 नये मामले दर्ज किये गये हैं और इसी के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 15,979,061 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने गुरवार को इसकी जानकारी दी है। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में बुधवार को दर्ज हुये 195,419 मामलों के मुकाबले गुरुवार को सामने आये संक्रमितों की संख्या कम है, जबकि एक हफ्ते पहले यह संख्या 224,788 थी।

भारत में एक्टिव केस संख्या बढ़कर 11,058 हुई

भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,007 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,39,023 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 11,058 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत होने से संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 5,21,737 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है।

कोरिया में क्यों बढ़ रहे कोविड मामले?

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि मामलों की संख्या में दोबारा हुई वृद्धि के बाद अब इनमें धीरे-धीरे गिरावट देखने को मिल रही है। यह वृद्धि ओमक्रिॉन और इसके सबवेरिएंट बीए.2 की वजह से हुई थी क्योंकि ये बेहद संक्रामक हैं। मार्च के महीने के बीचोबीच इसका प्रकोप काफी ज्यादा था। नये मामलों में से 24,976 सोल के रहने वाले हैं, जबकि 37,994 गियॉन्गी और 7,631 इंचियोन से हैं। वायरस का प्रसार गैर-महानगरीय क्षेत्रों में भी हुआ है। गैर-महानगरीय इलाकों में नये संक्रमितों की संख्या 77,807 है, जो कुल स्थानीय संचरण का 52.4 प्रतिशत है। इसी के साथ नये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंध्र : फैक्टरी में आग लगने से छह की मौत

एलुरु (वार्ता)। आंध्र प्रदेश में कृष्णा जिले के मुसुनुरु गांव में एक रसायन फैक्टरी में भीषण आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 12 घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि मध्यरात्रि के बाद पोरस प्राइवेट लिमिटेड नामक रसायन फैक्टरी के यूनिट-4 में एक रिएक्टर में विस्फोट हुआ, जिसकी लपटें चारों तरफ फैल गयीं। ड्यूटी पर मौजूद पांच कर्मचारियों की जलकर मौत हो गयी, जबकि एक कर्मचारी ने अस्पताल जाते हुए दम तोड़ दिया। घायल कर्मियों में से चार की हालत बहुत नाजुक बताई जा रही है। मरने वालों में से पांच कर्मचारी बिहार से थे।

घायलों को नुजविद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें विजयवाड़ा स्थानांतरित कर दिया गया। इस दौरान दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दवा बनाने में दवा कंपनियों द्वारा उपयोग किया जाने वाला रासायनिक पदार्थ पोरस कंपनी में निर्मित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वाराणसी में साड़ी कारखाने में लगी भीषण आग, 4 लोगों की मौत

वाराणसी। वाराणसी में गुरुवार को भीषण विस्फोट से चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्र शामिल हैं। दोनों बिहार के अररिया के रहने वाले थे। सीएम योगी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवार को चार-चार लाख सहायता राशि देने की घोषणा की है। घटना भेलूपुर थाना क्षेत्र के कमच्छा के

अशफाक नगर में घनी आबादी के बीच स्थित एक मकान के कमरे में शॉर्ट सर्किट से हुई। बंद कमरे में चारों जिंदा ही झुलसकर मर गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री संग्रहालय आजाद भारत के इतिहास भावी भारत की प्रेरणा को समेटे हुए है : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित प्रधानमंत्री संग्रहालय को लोकार्पित करते हुए आज कहा कि देश के हर प्रधानमंत्री ने संविधान सम्मत लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान दिया है और उनका कृतित्व आज़ाद भारत का इतिहास और भावी भारत की प्रेरणा है।

श्री मोदी यहां तीन मूर्ति भवन में पूर्ववर्ती नेहरू स्मारक एवं संग्रहालय में नये प्रधानमंत्री संग्रहालय के लोकार्पण के मौके पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय

सहस्त्रबुद्धे तथा पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एम जे अकबर उपस्थित थे।

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी ने कहा, बाबा साहेब जिस संविधान के मुख्य शिल्पकार रहे, उस संविधान ने हमें संसदीय प्रणाली का आधार दिया। इस संसदीय प्रणाली का प्रमुख दायित्व देश के प्रधानमंत्री का पद रहा है। ये मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे, प्रधानमंत्री संग्रहालय, देश को समर्पित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस महीने देश को मिलेंगे नए सेना प्रमुख

नई दिल्ली। इस महीने के आखिर तक थल सेना को नए प्रमुख मिलेंगे, क्योंकि मौजूदा सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि नरवणे के सेवानिवृत्त होने से ठीक पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया जा सकता है। यह पद देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के दिसंबर में दुर्घटना में निधन के बाद से ही खाली पड़ा है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों की मानें तो उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे का नया सेना प्रमुख बनना करीब-करीब तय माना जा रहा है। इसी साल फ़रवरी में उन्हें उप सेना प्रमुख बनाया गया था और उससे पूर्व वह पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे।

जीएसटी को लेकर सीएम भूपेश ने पीएम को लिखा पत्र, क्षतिपूर्ति 10 वर्षों तक जारी रखने का आग्रह

- जनहित और विकास के कार्य प्रभावित होंगे, छग को सालाना 5 हजार करोड़ राजस्व की होगी हानि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से जीएसटी क्षतिपूर्ति की वर्तमान व्यवस्था को आगामी 10 वर्ष तक जारी रखना का आग्रह किया है । मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि उत्पादक राज्यों को राजस्व की भरपाई की कोई वैकल्पिक स्थाई व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र की जानी चाहिए। छत्तीसगढ़ जैसे उत्पादक राज्यों के लिए जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान बंद किए जाना, बड़ा आर्थिक नुकसान है, जब कि उत्पादक राज्य होने के नाते देश की अर्थव्यवस्था के विकास में हमारा योगदान उन राज्यों की तुलना में कहीं अधिक है, जो वस्तुओं व सेवाओं के अधिक उपभोग के कारण जीएसटी कर प्रणाली में लाभान्वित हुए हैं। यदि जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान जून 2022 के पश्चात नहीं दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ को आगामी वर्ष में लगभग 5 हजार करोड रुपए के राजस्व की हानि संभावित है। इसी प्रकार कई अन्य राज्यों को भी आगामी वर्ष राजस्व में कमी का सामना करना होगा। जिससे राज्य में चल रहे जनहित एवं विकास के कार्यो में राशि की कमी की व्यवस्था करना अत्यंत कठिन होगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सात आईएएस के प्रभार बदले

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने सात आईएएस अफसरों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 2005 बैच के एस प्रकाश को ग्रामोद्योग विभाग और संसदीय कार्य विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है। उनके पास परिवहन विभाग के सचिव की जिम्मेदारी पहले से है। अभी तक सीजीएमसी के प्रबंध संचालक और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव कार्तिकेय गोयल को वहां से हटाकर पंचायत संचालक बनाया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक, रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ और गृह विभाग में संयुक्त सचिव रहे अभिजीत सिंह को सीजीएमएससी का प्रबंध संचालक बनाया गया है। 2012 बैच के अभिजीत के पास गृह विभाग के संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी बनी रहेगी। 2017 बैच के चन्द्रकांत वर्मा को रायपुर विकास प्राधिकरण सीईओ बनाया गया है। वर्मा अभी तक रायपुर स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जबकि 2017 बैच के आईएएस मयंक चतुर्वेदी का कद बढ़ा है। वे अभी रायपुर जिला पंचायत के सीईओ हैं। अब उनको जिला पंचायत की जिम्मेदारी के साथ स्मार्ट सिटी रायपुर का प्रबंध संचालक बना दिया गया है। वहीं नारायणपुर जिला पंचायत की खाली पड़ी सीट पर 2018 बैच के देवेश कुमार ध्रुव को पदस्थ किया है। ध्रुव अभी तक बीजापुर एसडीएम के पद पर पदस्थ थे।

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अब 50 बच्चों को मिलेगा प्रवेश

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूल की कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा फैसला लिया है। अब स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 50 बच्चों को प्रवेश मिलेगा। इससे पहले केवल 40 छात्रों को प्रवेश मिलता था। सीएम ने प्रदेश में लोगों की मांग और उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला को निर्देशित करते हुए संख्या बढ़ाने के निर्देश दे दिए हैं। प्रदेश भर में इस समय 172 सरकारी अंग्रेजी

माध्यम स्कूल संचालित हैं। स्वामी आत्मानंद के नाम से संचालित इन स्कूलों में इस समय प्रवेश चल रहा है। लेकिन अधिकांश कक्षाओं के लिए आवेदन पत्र भी उपलब्ध नहीं है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के पोर्टल पर स्कूल का नाम और कक्षा का विवरण डालते ही सीट रिक्त नहीं होने का संदेश मिलता है। उसके बाद आवेदन की प्रक्रिया आगे ही नहीं बढ़ती है। पिछले कुछ दिनों से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। अधिकांश लोग अपने बच्चों को स्वामी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

धमकी.. फिनलैंड या स्वीडन नाटो में शामिल होते हैं तो परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा रूस

यूक्रेन के बाद स्वीडन और फिनलैंड को रूस की धमकी

मॉस्को। रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिका और यूरोपीय यूनियन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ़िनलैंड या स्वीडन नाटो में शामिल होने का फैसला करते हैं तो रूस बाल्टिक देशों और स्कैंडिनेविया के करीब परमाणु हथियार तैनात करेगा।

'रूस को सीमाओं को सुदृढ़ करना होगा'

2008 से 2012 तक रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और राष्ट्रपति मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा है कि यदि ये देश नाटो में शामिल हो गए तो यह नाटो सदस्यों के साथ रूस की भूमि सीमा को दोगुना से अधिक कर देगा। ऐसे में स्वाभाविक रूप से, हमें

इन सीमाओं को सुदृढ़ करना होगा।

'परमाणु हथियार तैनात करने का हकदार होगा रूस'

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा है कि इस मामले में बाल्टिक नॉन-न्यूक्लियर स्थिति के बारे में और बात करना संभव नहीं होगा। संतुलन बहाल करना होगा। रूस इस क्षेत्र में परमाणु हथियार तैनात करने का हकदार होगा। रूस अपने जमीनी बलों और हवाई सुरक्षा के समूह को गंभीरता से मजबूत करेगा और फ़िनलैंड की खाड़ी में महत्वपूर्ण नौसैनिक बलों को तैनात करेगा।

'पश्चिमी हिस्से को मजबूत करेगा रूस'

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मामले को लेकर मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बारे में कई बार बात की गई है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नाटो की बढ़ती सैन्य क्षमता के कारण हमारे पश्चिमी हिस्से को मजबूत करने पर एक आदेश जारी किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या इस कदम में परमाणु हथियार शामिल होंगे? पेसकोव ने कहा कि मैं नहीं कह सकता लेकिन उपायों, आवश्यक कदमों की एक पूरी सूची होगी। इसे राष्ट्रपति द्वारा एक अलग बैठक में कवर किया जाएगा।

स्वीडन और फ़िलैंड में चर्चा जारी

यूक्रेन में मास्को की सैन्य कार्रवाइयों ने सैन्य गुटनिरपेक्षता की लंबे समय से चली आ रही नीतियों को लेकर फ़िनलैंड और स्वीडन दोनों में सार्वजनिक और राजनीतिक राय में नाटकीय रूप से यू-टर्न ले लिया है। फ़िनलैंड ने कहा कि इस सप्ताह तय होगा कि नाटो सदस्यता के लिए हफ्तों के भीतर आवेदन करना है या नहीं और स्वीडन भी सदस्यता पर चर्चा कर रहा है।

पाक के पुराने प्रधानमंत्रियों जैसा ही होगा इमरान खान का हाल, जेल भेज सकती है शहबाज सरकार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पाकिस्तान की सत्ता से हटाए जाने के बाद से शहबाज सरकार उनके खिलाफएक के बाद जांच के आदेश दे रही है। खबर यहां तक हैं कि इमरान खान पर देशद्रोह के भी केस लग सकते हैं और जेल भी जाना पड़ा सकता है। वैसे पाकिस्तान में प्रधानमंत्रियों का जेल जाना कोई नई बात नहीं है और इस लिस्ट में इमरान खान का नाम भी जुड़ सकता है।

बुधवार को खबर आई कि पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी ने इमरान खान को उनके कार्यकाल के दौरान तोहफे में मिले बेशकीमती हार को सरकारी तोशाखाना में जमा करने के बजाय एक आभूषण कारोबारी को 18 करोड़ रुपये में बेचे जाने के आरोपों पर जांच शुरू कर दी है।

अब एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के संविधान के साथ खिलवाड़ करने के आरोप में इमरान खान के खिलाफ देशद्रोह का संभावित मामला दर्ज हो सकता है। इमरान पर आरोप है कि उन्होंने अपनी कुर्सी बचाने के लिए के संविधान के प्रावधानों के साथ खिलवाड़ कर उन्हें अपने विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल किया था।

संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए विभिन्न अदालतों के समक्ष याचिकाएं दायर की गई हैं।

संपादकीय

आसमान छूती महंगाई

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले पचास दिनों से चल रही जंग के कारण वैसे तो पूरे विश्व में महंगाई बढ़ रही है लेकिन भारत में आसमान छूती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है। यह बात अलग है कि पड़ौसी देश पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी स्थिति हमारी नहीं है लेकिन दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत में आवश्यक वस्तुओं के दाम जिस तेजी से बढ़ रहे है वह गंभीर चिंता का विषय है। इसकी एक वजह तो यह है कि जंग के चलते जमाखोरों ने मुनाफाखोरी करने के लिए आवश्यक वस्तुओं का टोटा पैदा कर दिया है जिसकी वजह से दैनिक उपयोग में आने वाली चीजे राशन, किराना सामान और खाद्य तेल आदि के दाम लगातार बढ़ रहे है। हरी सब्जियों के दाम भी आसमान पर पहुंच रहे है। एक नग नींबू दस रूपए में बिक रहा है वहीं हर हरी मिर्च भी दस रूपए पाव की जगह दस रूपए में 50 ग्राम मिल रही है। इसी अनुपात में अन्य हरी सब्जियों के दाम भी बढ़ते जा रहे है। दरअसल प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफ हो रहा है जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। परिवहन खर्च बढ़ जाने के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ रहे है वहीं मुनाफाखोरों ने जमाखोरी कर के महंगाई को और बढ़ाने का काम किया है। सरकार को चाहिए कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ छापामार कार्यवाही करें और उन्हे कड़ी से कड़ी सजा दें। इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल के दामों पर भी अंकुश लगाने के लिए कारगर कदम उठाएं। यदि इसी तरह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ते रहे तो महंगाई लोगों का जीना मुहाल कर देगी। बेहतर होगा कि पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दामों को बांधने के लिए सभी राज्य सरकारों के साथ चर्चा कर के इसपर लगने वाले वैट की दर को कम किया जाए ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। पड़ौसी देशों श्रीलंका और पाकिस्तान की बदहाली से सबक लेते हुए भारत सरकार को अब मुफ्त की योजनाओं पर भी पुनर्विचार करने की सख्त जरूरत है। मुफ्त में राशन बिजली और पानी देने वाली योजनाओं से वोट तो मिल सकते हे लेकिन इसका अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ता है। श्रीलंका इसका ज्वलंत उदाहरण है जो आर्थिक रूप से कंगाल हो चुका है। यदि भारत ने इससे सबक नहीं सीखा और मुफ्त की योजनाओं पर प्रतिबंध नही लगाया तो भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था भी तहस नहस हो सकती है और इस स्थिति में महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ जाएगी कि लोगों को खाने पीने के भी लाले पड़ जाएंगे। इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा उठे इस बारे में भी सरकार को कड़े कदम उठा लेने चाहिए।

लघुकथा

हमें आज भी राह दिखाते बाबा साहब

यह भारतीय समाज का सौभाग्य रहा है कि इसको 20वीं शताब्दी में आत्म-निरीक्षण की क्षमता पैदा कर सकने वाले चिंतकों और नायकों का मार्गदर्शन मिला। दुनिया के कई समाजों में आत्म-निरीक्षण की क्षमता के अभाव में गृह युद्ध से लेकर विदेशी ताकतों की गुलामी तक की दुर्घटनाएं हुई हैं। भारत में जाति व वर्ग से जुड़े भेदभाव और धर्म से जुड़ी कटुता के कारण समाज के विघटन व अराजकता की बारंबारता का खतरा था। लेकिन महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरोजनी नायडू, नरेंद्र देव और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जैसे मनीषियों ने भारतीय समाज का विविध तरीकों से मार्गदर्शन किया। भारतीय जनजागरण में राजनीतिक न्याय की भूख स्वतंत्रता आंदोलन ने पैदा की। इसी के समानांतर सामाजिक और आर्थिक अन्यायों से मुक्ति पाने का सपना सामाजिक न्याय और आर्थिक समता से जुड़ी विचारधारा, आंदोलनों और संगठनों ने पैदा किया। डॉ आंबेडकर के योगदानों के मूल्यांकन की हर कोशिश में यह अद्भुत सच सामने आता है कि उन्होंने इन तीनों प्रकार के स्वराज के लिए जरूरी आत्म-चिंतन और सांविधानिक समाधान की जरूरत को पूरा करने में अतुलनीय योगदान किया है।

डॉ आंबेडकर के बारे में तीन प्रकार की मनोवृत्ति से हम सब अवगत हैं। अधिकांश लोग उनको भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पी मानते हैं। भारत के आधुनिक राजनीतिक इतिहास के जानकारों में इसको लेकर व्यापक सहमति है कि करीब 300 सदस्यों वाली संविधान सभा में 1946 से 1949 के बीच में सबसे ज्यादा जिम्मेदारी से डॉ आंबेडकर ने अपनी भूमिका का निर्वाह किया था। दूसरी तरफ भारतीय जाति-व्यवस्था से जुड़े आंदोलनों में उनको एक महान समाज विज्ञानी और समाज सुधारक का दर्जा प्राप्त है। तीसरा समुदाय उन लोगों का है, जिन्होंने डॉ आंबेडकर की प्रेरणा से धर्म-परिवर्तन किया और बौद्ध भारत का हिस्सा बने। इन तीनों छवियों को मिलाकर जो तस्वीर उभरती है, वह हमें आंबेडकर की जीवन-यात्रा के प्रति आकर्षित करती है। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि एक साधारण फौजी पिता और निरक्षर मां के अनेक बच्चों के बीच जन्म से शुरू हुई उनकी जीवन-यात्रा मामूली पाठशाला में अक्षर-ज्ञान प्राप्त करने के बाद भारत, ब्रिटेन, जर्मनी व अमेरिका के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की उच्चतम उपाधियों तक पहुंचती है। दूसरी तरफ राजनीति के तमाम अंतर्विरोधों को अपनी सूझ-बूझ से सुलझाते हुए ब्रिटिश वायसराय के सलाहकारों की अग्रिम पंक्ति में शामिल होने के बावजूद अगले चार वर्ष में पहले संविधान सभा और फिर स्वाधीन भारत के पहले मंत्रिमंडल के शिखर व्यक्तित्वों के तौर पर सम्मानित होने का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता।

चिंता की वजह पत्थरबाजी की घटनाएं

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में सीएए विरोधी दंगाइयों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाई गयी क्षति की वसूली उनसे की गयी। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधी तत्वों के निर्माणों पर बुलडोजर चलाने का निर्णय किया जो विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बन गया। देखासीखी अन्य राज्यों ने भी उस तरीके को अपनाया जिनमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान अग्रणी हैं। मध्य प्रदेश में इन दिनों अपराधी सरगानाओं के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाये जाने का अभियान चल रहा है। खरगौन में राम नवमी जुलूस पर पथराव के बाद जो सांप्रदायिक दंगा हुआ उसके आरोपियों की पहिचान करते हुए उनके घरों और दुकानों को जमींदोज किया जा रहा है। ऐसी कार्रवाई का उद्देश्य दंगा करने वालों को सबक सिखाना होता है। इसका असर भी हुआ जिसके प्रमाण देश के अनेक हिस्सों में हिन्दुओं के जुलूसों का मुस्लिम समुदाय द्वारा स्वागत किये जाने से मिले हैं।

बीते दिनों रामनवमी के पावन अवसर पर देशभर में हर वर्ष की भांति शोभायात्राएं निकाली गई। शोभायात्राएं और झांकियां हर वर्ष निकाली जाती हैं। लेकिन इस वर्ष जो कुछ हुआ वैसा पहले कभी सुनने को नहीं मिला। इस बार कई राज्यों में शोभायात्राओं पर की गयी पत्थरबाजी और उसके बाद सांप्रदायिक दंगे होने की जो खबरें आई वे चिंता में डालने वाली हैं। आतंकवाद के चरमोत्कर्ष के दिनों में कश्मीर घाटी में हुर्रियत कांफ्रेंस के नेता मरहूम सैयद अली शाह गिलानी ने वहां के बेरोजगार नौजवानों को पैसों का लालच देकर सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने के लिए उकसाया। बाद में ये काफी आम हो गया और एक समय तो ऐसा आ गया जब लड़कियां तक पत्थरबाज बन गई।

इस बार रामनवमी के दिन देश के आधा दर्जन राज्यों के कई शहरों में जो हिंसक उत्पात और नफरत की पत्थरबाजी सामने आई है, वे न तो संयोग हैं और न ही प्रयोग हैं। वह सांप्रदायिक विभाजन की स्पष्ट स्थिति है। मध्यप्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में जो 'तांडव' कराए गए, वे घोर निंदनीय और शर्मनाक हैं। संविधान और कानून का सरेआम उल्लंघन हैं। कानूनन उनके साजिशकारों और दंगाइयों को दंडित किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के खरगोन में कर्फ्यू लगाना पड़ा। करीब 40 मकानों और दुकानों में आग लगा दी गई। करीब 130 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे ही नफरती दृश्य अन्य राज्यों में भी सामने आए हैं।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के पावन दिन 'रामनवमी' पर पत्थरबाजी, नफरत के बोल, हिंसा, आगजनी, दंगों की खतरनाक नौबत और मांसाहार की जिद आदि की घटनाएं कई सवाल और संदेह पैदा करती हैं। पहला सवाल तो यह है कि क्या हम एक 'केला गणतंत्र' के हिस्से में रह रहे हैं? क्या हिंदू बनाम मुस्लिम, रामनवमी बनाम रमजान, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, देश की विविधता आदि मनःस्थितियां बेहद गहरे समा गई हैं? क्या हम दुराग्रही हो गए हैं? क्या धार्मिक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार खोखला और अप्रासंगिक है? क्या हिंदुओं के त्योहार मुसलमानों को भड़काते और उकसाते हैं? रमजान का 'पाक महीना' और 'ईद' तो आपसी सद्भाव और सौहार्द्र के साथ मनाए जाते रहे हैं। हिंदू भी इफ्तारी में शिरकत करते हैं। क्या अब इतनी असहिष्णुता फैल गई है

दुर्भाग्य से आज भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनका शरीर भले भारत में हो लेकिन मन पाकिस्तान में ही रहता है जिसके कारण विभाजन के बाद की उनकी दूसरी और तीसरी पीढ़ी तक मुख्यधारा से दूर है। धर्म निरपेक्षता के नाम पर चली वोट बैंक की राजनीति ने जिस तुष्टीकरण का सहारा लिया वह कालान्तर में नासूर बनता गया। आधुनिक शिक्षा की जगह धार्मिक कट्टरता का पाठ पढ़ाए जाने की वजह से बजाय आगे बढने के मुस्लिम समाज आज भी सदियों पुरानी बेडियों में जकड़ा हुआ है। बीते कुछ सालों में देश का परिदृश्य काफी बदला है जिससे खीझकर कुछ लोगों द्वारा आक्रामक अंदाज में अपनी ताकत दिखाने का सुनियोजित प्रयास किया रहा है। कुछ चुनिन्दा शिक्षण संस्थानों में समय-समय पर होने वाले उपद्रव इसकी बानगी हैं। धार्मिक रीति-रिवाजों के नाम पर दंगा करने की कोशिशें भी किसी से छिपी नहीं हैं।

कि किसी ने कोई भजन गा दिया अथवा विवादित बयान दे दिया, तो बदले में हिंसा भड़क उठेगी? पथराव और आगजनी की घटनाएं शुरू कर दी जाएंगी?

राजधानी दिल्ली में दो वर्ष पूर्व हुए सांप्रदायिक दंगों में भी दंगाइयों के घरों की छतों से पथराव की घटनाएं हुईं। तलाशी लिए जाने पर पत्थरों के साथ ही हथियार भी बरामद हुए। नवरात्रि के पहले दिन हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान के करौली में निकाली गई परम्परागत शोभा यात्रा पर एक क्षेत्र विशेष में छतों से पथराव होने के बाद बाकायदा लाठियों और तलवारों से हमला किया गया और उसके बाद वही सब हुआ जो सांप्रदायिक दंगों के दौरान देखने मिलता है। उस उपद्रव की आग अभी भी ठंडी नहीं हुई है। दूसरी ओर देश के कुछ शहरों से जो चित्र देखने आये उनमें हिन्दुओं के धार्मिक जुलूसों पर मुस्लिम समुदाय के लोग पुष्पवर्षा करते भी दिखे। इस पर कहा गया कि बदलती हुई राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए यह समाज भी कट्टरता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने आगे आने लगा है। हालांकि उत्तर प्रदेश के हालिया चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं के थोक के भाव भाजपा के विरोध में लामबंद होने की बात भी किसी से छिपी नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में जिस मठ के महंत हैं उसके परिसर में एक मुस्लिम युवक द्वारा हथियार लेकर उत्पात मचाने के बाद ये माना जाने लगा कि ये चुनावी हार से उपजी हताशा का प्रगटीकरण था। बाद में पता चला कि वह युवक जाकिर नाइक का अनुयायी है जो मुस्लिम समाज के बीच भड़काऊ भाषण देने के लिए कुख्यात थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए मलेशिया में शरण लिए बैठे हैं। करौली के दंगे में एक बात साफ हो गई कि हिन्दुओं के जुलूस पर किया गया हमला पूर्व नियोजित था। फिर भी उसे स्थानीय घटना मान लिया गया। लेकिन म.प्र में खरगौन के साथ गुजरात, बिहार और अन्य कुछ राज्यों में अनेक स्थानों पर राम नवमी की शोभा यात्रा पर जिस तरह पथराव किये जाने के साथ ही धारदार हथियारों से हमले किये गये वे इस संदेह की पुष्टि करते हैं कि इन वारदातों के पीछे कोई न कोई संगठित सोच काम कर रही है। वरना इन सबका स्वरूप एक समान न होता। जुलूस मार्ग पर स्थित घरों की छतों पर पत्थर जमा करने वालों का मकसद अपने आप में बहुत कुछ कह जाता है।

उत्तर प्रदेश में सीएए विरोधी दंगाइयों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाई गयी क्षति की वसूली उनसे की गयी। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधी तत्वों के निर्माणों पर बुलडोजर चलाने का निर्णय किया जो विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बन गया। देखासीखी अन्य राज्यों ने भी उस तरीके को अपनाया जिनमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान अग्रणी हैं। मध्य प्रदेश में इन दिनों अपराधी सरगानाओं के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाये जाने का अभियान चल रहा है। खरगौन में राम नवमी जुलूस पर पथराव के बाद जो सांप्रदायिक दंगा हुआ उसके आरोपियों की पहिचान करते हुए उनके घरों और दुकानों को जमींदोज किया जा रहा है। ऐसी कार्रवाई का उद्देश्य दंगा करने वालों को सबक सिखाना होता है। इसका असर भी हुआ जिसके प्रमाण देश के अनेक हिस्सों में हिन्दुओं के जुलूसों का मुस्लिम समुदाय द्वारा स्वागत किये जाने से मिले हैं। दिल्ली के शाहीन बाग में चले धरने को जिस तरह से राजनीतिक समर्थन मिला उससे अलगाववादी शक्तियों का हौसला बुलंद हो गया।

आपसी गुटबाजी में फंसी भाजपा

रमेश सर्राफ

अपनी उपेक्षा से क्षुब्ध वसुंधरा राजे इन दिनों बहुत भाग दौड़ कर सक्रिय हो रही है। हाल ही में वो दिल्ली में सरकार व संगठन के कई बड़े नेताओं से मिल चुकी है। उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचकर वसुंधरा राजे ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। राजस्थान में वसुंधरा राजे विचार मंच के नाम पर उनके समर्थक पार्टी के समानांतर एक संगठन चला रहे हैं। जिसके माध्यम से समय-समय पर वसुंधरा राजे को प्रदेश नेतृत्व सौंपने की मांग की जाती रही जा रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया प्रारंभ से ही संघ से जुड़े रहे हैं। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भाजपा युवा मोर्चा व प्रदेश भाजपा संगठन के विभिन्न पदों पर काम करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं।

राजस्थान में 2023 के आखिरी महिने में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसके लिए सभी राजनीतिक दल अभी से अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। मगर मुख्य विपक्षी दल भाजपा गुटबाजी में फंसी हुई है। भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही उलझे हुये हैं। राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वसुंधरा राजे जहां खुद को अगले विधानसभा चुनाव में नेता प्रोजेक्ट करने की जिद कर रखी हैं। वही उनका विरोधी गुट किसी भी सूरत में उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं।

वसुंधरा राजे प्रदेश में भाजपा की कद्दावर नेता मानी जाती है। राजस्थान में दो बार मुख्यमंत्री व दो बार प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही केंद्र सरकार में मंत्री रह चुकी है। राजस्थान में भाजपा के अंदर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया वसुंधरा राजे विरोधी खेमे के नेता माने जाते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निकटता के चलते पूनिया को संघ का पूरा समर्थन प्राप्त है। पुनिया चाहते हैं कि अगला विधानसभा चुनाव पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर लड़े।

पूनिया का कहना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे प्रदेश की मुख्यमंत्री थी। पार्टी ने उन्हें ही अगला मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा था। तब वसुंधरा राजे के नेतृत्व में पार्टी को हार मिली थी। विधायकों की संख्या 163 से सिमटकर 73 रह गई थी। पूनिया गुट के नेताओं का कहना है कि यदि वसुंधरा राजे का मतदाताओं पर प्रभाव रहता तो उनके मुख्यमंत्री रहते पार्टी बुरी तरह से चुनाव क्यों हारती ? विधानसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद ही 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ी थी और सभी 25 लोकसभा

चुनाव पर जीत हासिल की थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया भी सतीश पूनिया के साथ मिलकर वसुंधरा राजे की खिलाफत कर रहे हैं। वहीं केंद्र में जल शक्ति मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं। उनका अपना तीसरा धड़ा प्रदेश में सक्रिय हैं। मगर वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर रखने में वह भी प्रदेश अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया के खेमे से जुड़ गए हैं। गजेंद्र सिंह शेखावत को प्रधानमंत्री मोदी से नजदीकी के चलते ही जल शक्ति जैसा बड़ा मंत्रालय दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी राजस्थान भाजपा के बड़े नेता माने जाते हैं। मगर संवैधानिक पद पर रहने के कारण वह खुले तौर पर किसी भी गुट से संबंद्ध नहीं है। हालांकि समय आने पर ओम बिरला मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदारों में शामिल हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे को पूरा फ्री हैंड दिया गया था। प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक की पूरी कमान वसुंधरा राजे व उनके विश्वस्त लोगों के हाथों में थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष बनाना चाहते थे। मगर उस वक्त मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे ने वीटो कर गजेंद्र सिंह की ताजपोशी रुकवा दी थी। उन्होने अपने निकट के मदन लाल सैनी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनवा दिया था। विधानसभा चुनाव के कारण उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह वसुंधरा के दबाव में उनकी पसंद के नेता सैनी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया था। मगर विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद वसुंधरा राजे को किनारे किया जाने लगा।

मदन लाल सैनी का अचानक निधन हो जाने से उनके स्थान पर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे विरोधी धड़े के डा. सतीश पूनिया को राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष बना दिया। तभी से वसुंधरा राजे भाजपा आलाकमान से नाराज है। हालांकि वसुंधरा राजे को भी पार्टी नेतृत्व ने भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना कर समायोजित कर दिया था। मगर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी में उनकी कोई भूमिका नहीं रखी गई। ऐसे में वसुंधरा राजे मात्र दिखावटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन कर रह गई है। राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी वसुंधरा राजे को स्टार प्रचारक बनाकर नहीं भेजा जाता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिंदगी में बहुत

जिंदगी में बहुत डरी हूँ मैं दंश बहुत झेलती गयी हूँ मै हौसले से कदम रखे हमने अब सिकन्दर बनी हुई हूँ मैं हाथ मेरे उठे मदद के लिये ऐ खुदा क्यूँ यहाँ बुरी हूँ मैं ख्वाब सारे यहाँ मुकम्मल हो रात दिन क्यूँ ये सोचती हूँ मैं आह निकली कि दर्द से गुजरी हाशिये पर अभी रखी हूँ मैं। **– वंदना भट्नागर**

तू सहारा में नम

तू सहारा में नम हवाओं जैसा, लफ्ज-लफ्ज तेरा दुआओं जैसा, ओ.. नेह वाले बरस जा बादल दर्द से जहाँ-जहाँ सहरा जलता। तेरी आंखों में है दर्द जमाने का जैसे जर्रे- जर्रे में बिखरा है नेहउस नीले -नीले शामियाने का तेरे गुनगुनाने ..से, दर्द ढलता। तितलियों सी तेरी कल्पनाओं से चांदनी सी कोंमल. भावनाओं से तू जाने क्या कहता ..दुआओं में कुछ होले-होले दिल में पिघलता। **– अजय कुमार सिंह भदौरिया**

ख़ास पाती

दर्द ए दिल में हैं कैसा मज़ा

दर्द ए दिल में हैं कैसा मज़ा पूछिए इश्क कितनी बड़ी है सज़ा पूछिए। देख कर मुझे क्यों नज़र फेर ली मेरे अश्कों की अबतो वजा पूछिए। जल रहा है ये दिल नहीं होश है मैने कितना किया है नशा पूछिए। है खिलौना ये दिल खेलते तुम रहे दर्द कितना है दिल में दबा पूछिए। हर सितम पर तेरे मुस्कराए है लव इससे ज्यादा हुई क्या खता पूछिए। खो गए हम कहीं मिलते ही नहीं आप मुझसे ही मेरा पता पूछिए। आज आए हो तो मैं कब्र में दफ़्न हूं आ रही है कहां से सदा पूछिए। ना आएगा जानिब करार अब तुम्हें के जफ़ अपनी मेरी वफा पूछिए। **–पावनी दिक्षित जानिभ**

आशाओं के एक विशाल मरुस्थल

आशाओं के एक विशाल मरुस्थल में बिखरी अंतहीन रेत की तरह मेरी अनंत तमन्नाओं के साथ तुम्हारा अक्स बिखरा हुआ सा अक्सर मृगतृष्णा के घेरे को लांघ निकल जाता है दूर कहीं अकेले ही और उसे ढूंढने को बेताब आंखें और उनमें पल रहे अनगिनत सपने सोते जागते हुए बस भटकते रहते हैं बियाबान में फैली हुई आग की तरह कोई छोर पाने को बेताब हसरतों संग और फिर भोर की पहली किरण फूटने पर मिचमिचाती आंखों में अश्रु की चंद बूंदों से अक्सर टकरा कर रह जाती हैं पलकों पर ही गडमड सी होती हुई वे बेमक़सद सी अधूरी हसरतें और उन में बसा तुम्हारा अक्स। **– सीमा भाटिया**

गांधी जी के तीन बंदर थे

गांधी जी के तीन बंदर थे। एक बुरा देख नही सकता था। दूसरा बुरा सुन नहीं सकता था। तीसरा बुरा बोल नही सकता था। इसका मतलब तीन में से दो बुरा देख सकते थे, दो बुरा बोल सकते थे, और दो बुरा सुन सकते थे, यही वो सत्य है जो हम सबसे छुपाया गया। **– वंदना गोयल**

बिहार में शराब बंदी है उधर

बिहार में शराब बंदी है उधर नेता विपक्ष ने रजनीगंधा और पान मसाला बंद करने का आन्दोलन शुरू कर दिया। उसके बाद नम्बर खैनी और सुरती का भी आयेगा और ऐसा हुआ तो घनघोर आन्दोलन होगा। कल बिहार के हमारे एक मित्र खैनी ठोकते हुए कह रहे थे भगवान बचाये बिहार को हमको लगता है ई नेता लोग हमरे बिहार के तबाह करके ही छोडेगे अब क्या बिहारी गुटका और खैनी भी नही खा सकता। मित्र के प्रति सहानुभूति है और मन व्यथित है कि आखिर हमरा बिहारी भाई इस आघात को कैसे झेलेगा।

– राजीव कुमार

मैं किसी के विचारों की

मैं किसी के विचारों की गुलामगीरी पसंद नहीं करता मुझे विवेकपूर्ण विचार भाते हैं और सहज मानवतावादी धर्मग्रंथ यथा गुरू ग्रंथ साहब मन को भाता है। तलाश में हूं हिंदी में लिखे गुरु ग्रंथ साहब का ताकि गुरू ग्रंथ साहब में निहित भावना को आत्मसात कर सकूं पूरी तरह। **– घनश्याम प्रसाद**

मुझे यूँ याद न करो अब तुम

मुझे यूँ --याद न करो अब तुम तेरा मेरा मिलना अब --ख्वाब हो गये साल दर साल बीते जैसे कई -- सदियाँ गुजर गयी राहें बदल गयीं --मंजिलें बदल गयी दिल में जो अरमान थे --वो भी बदल गये नहीं रहा मुझमें अब--- मुझसा कुछ ये वक्त --ये हालात सब बदल गए जिंदगी जीने की जद्दोजहद में ये प्यार ये नफरत ---हर किस्से बदल गये तुझसे बिछुड़ने के बाद--जैसे मौसम के हर रंग बदल गये तेरे बिना इन वीरान राहों में वो फूलों वाले सब मंजर बदल गये अब कोई आस नहीं प्यास नहीं क्योंकि अब -- हम ही बदल गये सच-- अब कुछ नहीं रहा मुझमें जो हो अब मेरे जैसा। **– डॉ अर्चना खण्डेलवाल**

QUIZ TIME

1) तमिल साहित्य में 'राष्ट्रीय काव्य' के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?
2) 'महबूब-ए-इलाही' की उपाधि किसे प्रदान की गई थी?
3) डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन कब किया गया था?
4) पृथ्वी के ध्रुव पर 90 डिग्री का कोण बनाने वाला तारा क्या कहलाता है?
5) गंगा डॉल्फिन राष्ट्रीय जलीय जीव के संरक्षण हेतु डॉल्फिन अभयारण्य कहाँ बनाया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शिलप्पादिकारम (2) शेख निजामुद्दीन औलिया (3) 29 अगस्त, 1947 (4) ध्रुवतारा (5) भागलपुर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1452- इटली के महान चित्रकार लिओनादो द विंची का जन्म। 1469- सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक का जन्म 1689- फ्रांस ने स्पेन के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1817- अमेरिका में बधिर बच्चों के लिए पहला स्कूल खोला गया। 1895- बाल गंगाधर तिलक ने राजगढ़ किले में शिवाजी उत्सव का उद्घाटन किया। 1923- डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए इन्सुलिन बाजार में उपलब्ध हुआ। 1927- स्विट्जरलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ राजनयिक संबंध बनाने पर सहमत हुए। 1966- चित्रकार नंदलाल बोस का निधन। 1994- वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना के बाद 123 देशों ने इसके समझौते पर हस्ताक्षर किए। 2002- चीन का विमान दक्षिण कोरिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, 128 मरे। 2012- पाकिस्तान की एक जेल पर हमले के बाद 400 आतंकवादी फरार हुए। 2013- इराक में बम विस्फोट से 33 मरे, 163 घायल 2013- निकोलस मदुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति बने।

अन्नदाताओं के समृद्धि से होगा छत्तीसगढ़ का समग्र विकास : चौबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में द्वीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत के साथ तीन दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि किसानों को खेती-किसानी की दिशा में समृद्ध बनाने, उन्हें नवाचारों तथा नये आधुनिक तकनीकी से जोड़ने के लिए किसान समृद्धि मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है और गांवों के खेत-खलिहानों में समृद्धि आने से छत्तीसगढ़ में भी समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की तरक्की तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकलिप्त है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियां निश्चित रूप से किसानों के लिए समृद्धि के द्वार खोलती है।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने प्रगतिशील एवं उन्नतशील किसानों को योजना अंतर्गत चेक का भी वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान के मामले में आत्मनिर्भर बना है, परंतु दलहन, तिलहन के उत्पादन में कार्ययोजना बनाकर प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर संभाग में डेयरी, फ्लोरीक्लचर तथा हार्टीकल्चर की अपार संभावनाएं मौजूद है। शासन स्तर पर बेहतर रणनीति के साथ कार्ययोजना बनाकर इस दिशा में प्रयास किया जा सकता है।

किसानों को संबोधित करते हुए सांसद अरूण साव ने कहा कि किसानों को तरक्की के लिए आधुनिक कृषि पद्धति अपनाना जरूरी है। इससे न केवल उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। सरकार की बेहतर नीतियों के कारण ही किसान समृद्धि के वाहक बनते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि कृषि मेला उन्नत खेती तथा आय के साधन बढ़ाने का माध्यम है। इसके जरिए किसानों को खेती-किसानी से जुड़े नई-नई तकनीकों की जानकारी भी मिलती है। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने बिलासपुर में 21 साल बाद इस विशाल मेले के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट किया। चंद्राकर ने कहा कि शासन की नीतियों से कृषि क्षेत्र में न केवल शोध को बढ़ावा मिला है, बल्कि किसानों के जीवन में भी समृद्धि आई है।

इस अवसर पर संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, विधायक शैलेश पाण्डेय, विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, महापौर रामशरण यादव, शाकम्बरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव तथा मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर.निषाद, विशेष सचिव कृषि विभाग डॉ. एस.भारतीदासन, संचालक कृषि विभाग यशवंत कुमार सिंह, संचालक पशु विभाग संजय चंदन त्रिपाठी, बिलासपुर कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर, एसएसपी पारूल माथुर सहित राज्य भर से आए बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मेला 15 तारीख तक चलेगा।

अब स्टेशन में नहीं रहेगा वाशिंग एप्रान

प्लेटफार्म एक से होगी हटाने की शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अब किसी भी रेलवे स्टेशन में वाशिंग एप्रान नहीं रहेगा। रेलवे बोर्ड से इन्हें हटाने का फरमान जारी हो गया है। इसके बाद बिलासपुर रेल मंडल ने भी कवायद तेज कर दी है। जोनल स्टेशन में प्लेटफार्म एक की लाइन से एप्रान हटाने का काम शुरू होगा। इसके लिए आपरेटिंग विभाग से ब्लाक भी मांगा गया। ब्लाक मिलते ही इंजीनियरिंग विभाग काम शुरू कर देगा।

वाशिंग एप्रान एक तरह ट्रैक के नीचे सीमेंट की ढलाई होती है। दरअसल जब ट्रेनों में सामान्य शौचालय हुआ करते थे, तब इसकी आवश्यकता पड़ती थी। यात्री प्लेटफार्म पर खड़ी गाड़ी में शौच करते तो गंदगी हो जाती थी। बदबू व गंदगी से यात्रियों को दिक्कत होती थी। पर अब सभी ट्रेनों में बायोटायलेट की व्यवस्था कर दी गई है। इसलिए ट्रेन खड़ी रहे या चलती रहे। इसके कारण मल ट्रैक पर नहीं गिरता। इससे ट्रैक साफ-सुथरा भी रहता है। चूंकि अब वाशिंग एप्रान की आवश्यकता नहीं रह गई। इसलिए रेलवे ने इसे हटाने की निर्णय लिया है। बहुत जल्द बिलासपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों से वाशिंग एप्रान हटा दिए जाएंगे। ट्रैक सामान्य रहेगा। जोनल स्टेशन की बात करें तो यहां आठ प्लेटफार्म हैं। केवल चार को छोड़कर सभी में वाशिंग एप्रान बनाया गया है। रेलवे का मानना है कि इसके हटने से मरम्मत की झंझट कम रहेगी। वैसे भी आए वाशिंग एप्रान उखड़ने के कारण ट्रैक में पानी भरने, निकासी आदि की समस्या आती थी। सफाई की झंझट भी नहीं रहेगी। मालूम हो कि जब भी मरम्मत करने की योजना बनाई जाती थी, उसके लिए ब्लाक लिया जाता है। इस दौरान ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होता था। पर इस तरह की समस्या अब पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। रेलवे के मुताबिक सबसे पहले प्लेटफार्म एक में ब्लाक लेकर एप्रान हटाने का काम प्रारंभ होगा। इसके लिए 20 से 22 दिन का ब्लाक लेने की तैयारी है। इस बीच प्लेटफार्म एक पर

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 30 अप्रैल को

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शिक्षा सत्र 2022-23 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 30 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। इसके लिए जिले के तीनों विकासखण्ड मुंगेली, लोरमी और पथरिया में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चातरखार के प्राचार्य ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिले से कुल 6008 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट- में जाकर ऑनलाईन फार्म भरते समय प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर एवं बच्चे की जन्मतिथि अंकित कर प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश पत्र, आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु प्रधान पाठक अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र कार्यालय प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शीघ्र जमा कर सकते हैं।

खाना लेने स्टेशन में उतरा, ट्रेन में छूटा सामान आरपीएफ ने लौटाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। खाना लेने के लिए उतरे एक यात्री रायपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन छूट गई। उनका सारा सामान ट्रेन में ही रह गया। वह परेशान होकर इधर- उधर घूमने लगे। इसी बीच आरपीएफ से मदद मांगी। आरपीएफ ने बिलासपुर कंट्रोल को जानकारी दी। यहां ट्रेन के पहुंचने से पहले सूचना मिलने के कारण यात्री का लगेज सुरक्षित उतार लिया गया। बैग के अंदर 10 हजार रुपये से अधिक के सामान रखे हुए थे।

मामला 17007 सिकंदराबाद - दरभंगा एक्सप्रेस का है। इस ट्रेन में बिहार के जिला मुधबनी अंतर्गत ग्राम जिरोगा निवासी राजेश कुमार पांडित सिकंदरबाद से दरभंगा के लिए सफर रहे थे। उनका रिजर्वेशन एस-10 कोच की बर्थ क्रमांक 19 व 21 में था। सफर के दौरान एक अन्य सदस्य के साथ वे रायपुर स्टेशन में भोजन लेने के लिए उतर गए। वह भोजन का पैकेट खरीद ही रहे थे कि ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना होने लगी। दोनों यात्री दौड़े पर तब भी ट्रेन में चढ़ नहीं पाए। यात्रियों को स्टेशन में तैनात आरपीएफ के जवान देख लिए थे।

लिहाजा जवान उनके पास पहुंचे और कहा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उनका सामान बिलासपुर स्टेशन में सुरक्षित उतार लिया जाएगा। बिलासपुर में आरपीएफ कंट्रोल को जानकारी दी गई। जिसके बाद आरपीएफ ने बैग उतार लिया। इसकी जानकारी यात्रियों को दी गई। जिसके बाद वे बिलासपुर स्टेशन पहुंचे और आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। इस दौरान पहले यह पुष्टि की गई कि बैग मालिक वहीं है या नहीं।

इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बैग यात्रियों को सुरक्षित लौटा दिया गया। इस पर यात्री बेहद खुश हुए। बैग के अंदर जरुरी कागजात के अलावा कीमती सामान भी थे।

फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज, गर्मी से मिली राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी में गर्मी के साथ अब उमस भी बढ़ गई है। आसमान में सुबह से बदली है। शुष्क और ठंडी हवाएं भी चल रही हैं। जिसके कारण मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल सकता है। दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब है। एक दिन पूर्व शाम को झमाझम बारिश हुई थी। ऐसे में हवाओं के संगम से एक बार फिर मौसम में परिवर्तन की संभावना है।

लालपुर स्थित मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर अंदरूनी कर्नाटक से पश्चिमी विदर्भ तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रदेश के उत्तर में उत्तरी और दक्षिण छग में दक्षिणी हवा का आगमन बना हुआ है। ऐसे में आज एक दो स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी संभावित है। वही 15 अप्रैल को भी छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। गौरतलब है कि मौसम में परिवर्तन होने से सूर्य का ताप भले ही कम हुआ हो लेकिन उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है।

शहर में अपराध बढ़ा, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई: छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स

व्यापारी के साथ मारपीट का मामला, पहले भी नहीं मिला था न्याय

बिलासपुर/नवप्रदेश। व्यापारी के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छत्तीसगढ़ चैम्बर आफ कामर्स, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, व्यापार विहार एसोसिएशन, रोटरी क्लब बिलासपुर, विश्व हिंदू परिषद ने नाराजगी जाहिर की। संगठनों ने कहा कि जिला व शहर में अपराध बढ़ गया है। पुलिस कार्रवाई नहीं होने पर अपराधियों का हौसला बुलंद है।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि चैंबर की ओर से फरवरी 2022 को आइजी को पत्र लिखकर व्यापारी मनोज उभरानी के साथ मारपीट करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। इससे अपराधियों का हौसला बुलंद है। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस की लचर कार्रवाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्या पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करने के लिए किसी की जान जाने तक इंतजार किया जा रहा है।

अपराधियों द्वारा पूर्व में भी धमकी देने और 40-50 लोगों के साथ मिलकर आतंक फैलाने का मामला सामने आ चुका है। व्यापार विहार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि बारम्बार धमकी, मारपीट की घटना के बावजूद ऐसे गुंडे, तत्व क्यों खुले घूम रहे हैं। ऐसे अपराधी के खिलाफकार्रवाई नही करना पुलिस की कमजोरी को दर्शाता है। ऐसे मामलों में कार्रवाई करने से ही जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और सम्मान बढेगा। रोटरी क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष ने कहा कि बिलासपुर शहर को न्यायधानी के नाम से जाना जाता है।

लेकिन अब यहां आपराधिक लोग पैर पसार रहे हैं। ऐसे लोगो पर समय रहते कार्रवाई नहीं करने का नतीजा है। इससे पहले न्यायधानी अपराध नगरी बने। इस मामले के अपराधियों की गिरफ्तारी कर पुलिस प्रशासन को अन्य आदतन अपराधियों को कड़ा संदेश देना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि पुलिस की लचर कार्रवाई से शहर में गुंडागर्दी बढ़ गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आम जनता के बीच भय व्याप्त हो रहा है।

बीते 11 अप्रैल को तोरवा थाना क्षेत्र के मनोज उभरानी के साथ ऋषभ पाणिकर व अन्य असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया था। जिसमे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। तोरवा पुलिस ने आरोपियों के के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया गया अंबेडकर व महावीर जी की जयंती

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में अंबेडकर जयंती एवं महावीर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के चारों हाऊस के छात्रों के मध्य क्वीज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा रचित संविधान हम सभी को समान अधिकार प्राप्त है। हर भारतीय को संविधान का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों पथ पर अग्रसर होना चाहिए। महावीर ने हमें मानवता की शिक्षा दी और मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिक्षकीय-गैर शिक्षकीय पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए 22 तक आवेदन होंगे जमा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित बी. आर. साव. शास. बहु. उच्च. माध्य. विद्यालय में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों जैसे प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला, उच्च वर्ग शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, प्रयोगशाला, सहायक ग्रेड 03, भृत्य तथा चौकीदार पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु जिले में कार्यरत इच्छुक कर्मियों से आवेदन पत्र जमा करने की तिथि में वृद्धि कर दी गई है। अब वे 22 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके पूर्व आवेदन पत्र जमा करने के लिए 11 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी। उन्होंने अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन करने के लिए कहा है।

बढ़ती गर्मी के साथ देशी फ्रिज की बढ़ने लगी डिमांड

मुंगेली/नवप्रदेश। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है। देशी फ्रिज यानी मिट्टी का घड़ा घर-घर पहुंचने लगी है। इस बार सूर्य का रौद्र रूप मार्च माह में प्रारंभ हो गया। जिसके चलते गर्मी बढ़ने से घड़े की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। मटके के व्यापार से जुड़े कुम्हारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष घड़े की कीमतों में दस प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घड़े का उपयोग करते हैं। सामान्यतः अक्ती के समय से लोग घड़े का पानी पीते है। लेकिन इस बार गर्मी मार्च, अप्रैल में घड़े बिकने लगे है। दुकानदारों ने बताया की मटका का मुख्य रूप से बड़ा बाजार में बिक्री होती है। मटके की मांग को देखते हुए बड़ा बाजार, कुम्हार पारा, पड़ाव चौक, खर्रीपारा सहित जगह-जगह मटका बेचने वाले दुकान खोलकर बैठे रहते हैं। गर्मी में ठण्डा पानी के लिए घड़े बनाने का काम जनवरी माह से शुरू हो जाता है। ग्रामीणो के बीच आज भी मांग ज्यादा है। फ्रीज होने के बाद भी देशी मटके की मांग में कमी नही आई है।

आज भी मिट्टी के बर्तन जिनमें घड़े, गमले सहित कई पात्र उपयोग करते है। पैतृक व्यवसाय से अपना जीवन यापन करने वाले कुम्हारों की आमदनी एक मात्र जरिया है। कुम्हारों ने बताया है कि पेट पालने अथवा आजीविका चलाने का एकमात्र साधन होने तथा उस पर लगातार प्लास्टिक एल्युमीनियम व स्टील के सामान बाजार में आने से उनके लिए समस्या खड़ी हो गई है। इसके अतिरिक्त त्योहारों पर भी मिट्टी की सामग्री केवल पूजा के लिए और नंदी खरीदी जाती है। सजावट के लिए झालरों व मोमबती का उपयोग बेतरत किया जा रहा है। तीजा पोरा के समय बनाये जाने वाले खिलौना, हाथी, घोडा, बैल जोड़ी, चुकिया, चूल्हा आदि के स्थान पर अब लकड़ी प्लास्टिक तथा धातु से बने खिलौने की प्रचलन बढ़ रहा है।

महंगाई की मार के चलते और आधुनिकता के चलते उनका व्यवसाय पहले के तुलना में मात्र 10-15 प्रतिशत रह गई है। बाजारों में मिट्टी के सामानों की मांग घट रही है तथा शासन की ओर से अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिलने के कारण अब कुम्हारों की पैतृक व्यवसाय से मोह भंग हो रहा है।

अतिक्रमण पर बुलडोजर! व्यापारियों ने कहा हम विरोध नहीं करेंगे, पर निष्पक्ष हो कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। गोलबाजार सौंदर्यीकरण के तहत एसडीएम, नगर पालिका एवं पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी एवं प्रशासन से अपनी मांगें रखी। व्यापारियों द्वारा विकास में पूरा सहयोग किया जायेगा। अतिक्रमण हटाने का विरोध नहीं किया जायेगा। लेकिन निष्पक्ष रूप से सभी तरफ से अतिक्रमण हटाया जाये। हेमेन्द्र गोस्वामी के साथ चेंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम अमित कुमार से मिलकर अपनी बातें रखी। जिस पर प्रशासन ने भी व्यापारियों की मांगों पर विचार कर पूरा करने की बात कही। हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि नगर में अतिक्रमण हटाने का कार्य विकास एवं सौंदर्यीकरण एवं सहूलियत को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित करने के लिए ही किया जा रहा है।

जिसमें व्यापारियों की बातों का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। इस दौरान चेंबर आफ कामर्स के प्रेम आर्य, स्वतंत्र मिश्रा, नरेन्द्र कोटडिया, सुनील पाठक, संजय यादव, आलोक गुप्ता, जेठमल कोटडिया, प्रवीण वैष्णव आदि व्यापारी उपस्थित थे।

जैन तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती अभूतपूर्व उत्साह के साथ संपन्न

प्रभात फेरी में शामिल हुई महिलाएं, गोल बाजार में लगेगा महावीर की स्टेचू

मुंगेली/नवप्रदेश। जगत को जीयो और जीने दो का अमर संदेश देने वाले जैन तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में तीन दिवसीय उत्सव के रुप में मनाई जा रही है। 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित कार्यक्रमों में विविध आयोजन हुए, तृतीय दिवस 14 अप्रैल को भगवान महावीर का जन्म दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा गोलबाजार चौक में महावीर स्वामी की स्टेचू के लिए भूमि पूजन किया। समारोह के प्रथम दिवस प्रात 6 बजे प्रभात फेरी जैन मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान परशुराम चौक, पड़ावपारा होते हुए पुन जैन मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां सर्वप्रथम झंडावंदन, प्रभु दर्शन, दादा गुरुदेव को वंदन करने के पश्चात नगर में विराजित सभी साध्वी वृंद को वंदन कर मंगलपाठ किया गया। दोपहर में मंदिर में नवपद पूजा, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। समारोह के तृतीय दिवस 14 मार्च को भगवान महावीर का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया इस दिवस प्रात 6 बजे प्रभात फेरी, के पश्चात भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो कि सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान महावीर स्वामी चौक (गोल बाजार), इंदिरा चौक (बड़ा बाजार), भारतीय स्टेट बैंक, पुलपारा, भगवान परशुराम चौक (पुराना बस स्टैंड), परमेश्वरी चैक (बालानी), भगवान महावीर स्वामी चैक होते हुए जैन मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। दोपहर 3 बजे से मंदिर में भगवान महावीर षट्कल्याणक पूजा की गयी। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। विशेषकर युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं की सक्रियता अधिक रही।

राजीव भवन सहित अम्बेडकर वार्ड में बाबा साहब की जयंती मनाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा राजीव भवन सहित अंबेडकर वार्ड के तिरंगा चौक में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती सादगी और गरिमा के साथ मनाई गई सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। उनका परिवार कबीर पंथ को माननेवाला मराठी मूल का था और वो वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव का निवासी था। वे हिंदू महार जाति से संबंध रखते थे, जो तब अछूत कही जाती थी और इस कारण उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था।

डॉ.भीमराव आम्बेडकर के पूर्वज लंबे समय से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत रहे थे और उनके पिता रामजी सकपाल, भारतीय सेना की महू छावनी में सेवारत थे तथा यहां काम करते हुये वे सूबेदार के पद तक पहुँचे थे। उन्होंने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा प्राप्त की थी। अपनी जाति के कारण बालक भीम को सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा था। विद्यालयी पढ़ाई में सक्षम होने के बावजूद छात्र भीमराव को छुआछूत के कारण अनेक प्रकार की कठनाइयों का सामना करना पड़ता था। 7 नवम्बर 1900 को रामजी सकपाल ने सातारा की गवर्न्मेण्ट हाई स्कूल में अपने बेटे भीमराव का नाम भिवा रामजी आंबडवेकर दर्ज कराया। उनके बचपन का नाम 'भिवा' था। आम्बेडकर का मूल उपनाम सकपाल की बजाय आंबडवेकर लिखवाया था, जो कि उनके आंबडवे गाँव से संबंधित था। क्योंकि कोकण प्रांत के लोग अपना उपनाम गाँव के नाम से रखते थे, अतः आम्बेडकर के आंबडवे गाँव से आंबडवेकर उपनाम स्कूल में दर्ज करवाया गया। बाद में एक देवरुखे ब्राह्मण शिक्षक कृष्णा केशव आंबेडकर जो उनसे विशेष स्नेह रखते थे, ने उनके नाम से 'आंबडवेकर' हटाकर अपना सरल 'आंबेडकर' उपनाम जोड़ दिया। तब से आज तक वे आम्बेडकर नाम से जाने जाते हैं।

महापौर सफीरा साहू ने कहा कि हिन्दू पन्थ में व्याप्त कुरूतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकार सन 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था। सन 1990 में उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरान्त सम्मानित किया गया था । 14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस आम्बेडकर जयन्ती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। डॉक्टर की विरासत में लोकप्रिय संस्कृति में कई स्मारक और चित्रण शामिल हैं ।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, कैलाश नाग, सतपाल शर्मा, शहनाज़ बेगम, पार्षद दीपा नाग, सुनीता सिंह, बी ललीता राव, शुभम यदु, कौशल नागवंशी, हरिशंकर सिंह, छबिश्याम तिवारी, नरेंद्र तिवारी, एम वेंकट राव, अंजना नाग, अफ़रोज़ा बेगम, नन्दू दास, सुधीर सेन, वीर नारायण दुधि सहित कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

डेढ़ किग्रा गांजे के साथ एक गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। नशे को लेकर पुलिस कप्तान बेहद सख्त हो चुके है। और हो भी क्यों नही क्योंकि अधिकांश यूवा नशे की चपेट में आ चुके है। पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनुराग झा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती चित्रा वर्मा के पर्यवेक्षण थाना कांकेर पुलिस ने गांजा विक्रय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुणाल टेकाम निवासी माहुरबंद पारा जोकि ऊपर नीचे रोड के गार्डन के आसपास थैला में गांजा रखकर बिक्री कर रहा है सूचना की तस्दीक पर पुलिस द्वारा दबिश दिया गया मौके पर आरोपी कुणाल टीकम पिता निपेंद्र टेकाम उम्र 24 वर्ष निवासी माहुरबंद पारा कांकेर थैला में गांजा रखा होना पाया गया तलाशी लेने पर आरोपीगणों के कब्जे में नायलॉन थैले में 1.3 किलोग्राम गांजा एवं 3500 नकदी रकम बरामद हुआ आरोपी ने उक्त गांजा को उड़ीसा से अवैध रूप से खरीदी कर बिक्री हेतु रखना स्वीकार किया आरोपियों के विरुद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड स्वीकृत कराए जाने के लिए उपरांत जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी का फरार आरोपी पकड़ाया

जगदलपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2018 में थाना बस्तर अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में गांजा तस्करी के दौरान पुलिस को देखकर 2 गांजा तस्कर एक कार जिसमे 108 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ था जिसमें बस्तर पुलिस के द्वारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था।

मामले में उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा एवं अति पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानपुरी घनश्याम कामडे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभाारी बस्तर सुरीत सारथी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रेमकुमार झा, सउनि. सतीश यदुराज, घनश्याम बाजपेयी, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, आरक्षक लिटीराम मौर्य, शंकर मौर्य की टीम बनाकर फरार आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी।

विवेचना के दौरान उक्त फरार आरोपी की उपस्थिति जिला जलगांव (महाराष्ट्र) में उपस्थिति की सूचना पर गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर महाराष्ट्र रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा जलगांव में संदेह के आधार पर आरोपी हीरा सिंह पिता ज्ञान सिंह नाईक को पकडा गया जिससे पूछताछ पर 28 फरवरी को उड़ीसा से छत्तीसगढ की ओर गांजा तस्करी करना स्वीकार किया गया। आरोपी हीरा सिंह को उक्त प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय रवाना किया गया है।

महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती व बैसाखी पर्व में दिखी एकता अखंडता संप्रभुता की झलक

कांकेर/नवप्रदेश। 14 अप्रैल का दिन त्योहार एकता की पाठशाला लेकर आया था।एक तरफ जैन समाज का महावीर जयंती दूसरी ओर सविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जयंती तो तीसरी ओर बैसाखी पर्व की कांकेर जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही जैन मंदिर में जैन समाज के लोग भगवान महावीर स्वामी की विशेष पूजा अर्चना में जुटे हुए थे।इस बीच 10 बजे के आसपास भारतीय स्टेट बैंक के पास बाबा साहेब आंबेडकर की मूर्ति पर समाजजनो ने फूल माला चढ़ाकर बाबा साहेब के जयकारे लगाए गए।इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए।

गुरुवार 14 अप्रैल की सुबह जैन बंधुओं के वार्षिक त्योहार 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी जी की जयंती के अवसर पर राजापारा मंदिर से समाजजनों ने भव्य शोभायात्रा निकाली गई।वरघोड़ा शोभायात्रा का स्वागत भारत माता की प्रतिमा के समक्ष जन सहयोग संस्था के समाजसेवी अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी व उनकी टीम के द्वारा जैन समाज का शीतल पेयजल पिलाकर स्वागत किया गया तथा जुलूस में शामिल समस्त जैन बंधुओं को पवित्र त्योहार की एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी गई है। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी तेज़ धूप के बावजूद उत्साह पूर्वक शामिल हुए थे । समाज सेवकों ने भी धूप और गर्मी की परवाह न करते हुए अपना सामाजिक कर्तव्य

निभाते हुए शीतल पेयजल से भीषण गर्मी में जैन समाज का गला तर कर भारत की एकता अखंडता का परिचय दिया। जगह जगह शीतल पेयजल व्यवस्था को देख जैन समाज तथा आम जनता ने बेहद प्रशंसा कर एकता का परिचय दिया।कार्यक्रम में सहयोग देने वालों में जन सहयोग समाजसेवी संस्था अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा अनुराग उपाध्याय धर्मेंद्र देव कल्याणदास नागवानी सीताराम शर्मा ललित शर्मा जितेंद्र प्रताप देव, चंद्रशेखर देवचरण यादव करण नेताम प्रवीण गुप्ता,राजेश चौहान भूपेंद्र यादव दिनेश मोटवानी, प्रतीक पटेल, प्रमोद सिंह ठाकुर, सुमित देव अभिषेक साहू सूरज चौरसिया विनोद वाल्मीकि दिनेश विश्वकर्मा विनोद सोनवानी पारस भाई आदि के नाम प्रमुख हैं।

मस्जिद चौक में मुस्लिम समाज ने पिलाई शरबत गले मिलकर दी बधाई

बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर बाबा साहेब की शोभायात्रा निकाली गई। भीषण गर्मी को देखते मुस्लिम समाज के युवाओं ने मस्जिद चौक पर समाजजनो द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा का ठंडा पेयजल पिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के यूवा उपस्थित रहे।

अग्नि सुरक्षा सप्ताह का एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कांकेर/नवप्रदेश। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास सुबह 10:00 बजे जिले के माध्य नरहरदेव स्टेडियम में सर्वप्रथम शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई उसके पश्चात अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला सेनानी नगरसेगा एवं अग्निशमन अधिकारी श्री पुष्पराज सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली नरहरदेव स्टेडियम से होकर शहर के मध्य ऊपर नीचे रोड, स्टेट बैंक मैन ब्राच गिल्ली चौक, गेन मार्केट कपड़ा बाजार, पुराना बस स्टैण्ड, शासकीय कोमलदेव अस्पाताल, कलेक्ट्रेट चौक एवं नया बस स्टैण्ड से घुमकर वापस नरहरदेव स्टेडियम फायर स्टेशन के पास समाप्त हुई। रैली के दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से आमजनों को अग्नि सुरक्षा से बचाव एवं जागरूकता लाने बाबत प्रचार-प्रसार कर संदेश दिया गया। अग्नि सुरक्षा रैली में नगर सेना अग्निशमन के सहायक उपनिरीक्षक के के श्रीवास्तव हवलदार दशरथ परिहार, मेजर किशन यादव, प्रकाश सिंह चौहान, रोशनी साह्य बीना साहू सुशीला नेताम, अग्निशमन के कर्मचारी श्री शत्रुघन सिन्हा, गोविन्द जैन, किशोर पटेल, मिथलेश जैन एवं समस्त फॉयर टीम व नगर सेना यातायात कौशल सिन्हा, रविशंकर यादव कुल 105 अधिकारी / कर्मचारी / जवान उपस्थित रहे।अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान जिले के महत्वपूर्ण इमारती / मॉल / लॉज होटल / शॉपिंग काम्पलेक्स सेंटरों में अग्नि से सुरक्षा हेतु उपकरणों का निरीक्षण किया जाकर अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु दिशा निर्देश दिये जायेंगे। फॉयर सुरक्षा जागरूकता के लिये जिले के विभिन्न स्कूलों में फायर मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेगा।

भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

■ **इस दौरान जय भीम की नारे के साथ रैली भी निकाली गई**

किरन्दुल/नवप्रदेश। भारत रत्न, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जिन्हें बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है, उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था, भारत में उनकी कड़ी मेहनत और योगदान को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के रूप में पूरा हिंदुस्तान अंबेडकर जयंती मनाता है! बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा इसी तारतम्य में बैलाडीला किरंदुल स्थित भारतीय स्टेट बैंक चौक में स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर उनके अनुयायियों के द्वारा उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा कही गई बातों को अपने जीवन में लागू करने शपथ ली गई इस बीच आस पास की परिवेश जय भीम के नारे गूँजती रही।

सांसद ने किया लाइफ लाइन एक्सप्रेस का शुभारंभ

जगदलपुर/नवप्रदेश। इंपेक्ट इडिया फाउंडेशन की ओर से 220 वा लाईफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट नकटी सेमरा रेलवे स्टेशन में निःशुक स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बस्तर सांसद दीपक बैज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अनीता पोयम, महापौर सफिरा साहू, सभापति कविता साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव शर्मा, जनपद सदस्य हेमेश्वरी नाग, ज्योति नायडू, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुशील मौर्य, अपर कलेक्टर अरविंद इक्का, एस.डी.एम दिनेश नाग सहित निगम के पार्षदगण उपस्थित रहे। इस लाईफ लाइन एक्सप्रेस में बस्तरवासी आंख की जांच एवम मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच, कान की सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी 14 साल से नीचे, कटे फटे होठ की जांच एवं सर्जरी, दांत की जांच एवं उपचार, स्तन और ग्रीवा केंसर जागरूकता एवं परीक्षण जैसे उपचारों के लाभ उठा सकते हैं।

महावीर जयंती के अवसर पर नगरवासियों के लिए सरबत की व्यवस्था की गई

किरन्दुल/नवप्रदेश। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दंतेवाड़ा जिले की किरंदुल नगर में सकल जैन समाज के द्वारा जैन समाज के आराध्य भगवान महावीर जी की जयंती के अवसर पर बस स्टैंड परिसर पर सुबह से ही राहगीरों और नगर वासियों के लिए ठंडी शरबत की व्यवस्था की गई थी!

बता दे कि इस दिन जैन समाज के द्वारा भगवान महावीर जी की पूजा-अर्चना की जाती है और उनके दिए गए उपदेशों को स्मरण करके उनके बताए गए सिद्धांतों पर चलने का प्रयास किया जाता है! भगवान महावीर की जयंती पर लोग भगवान महावीर की पूजा करते हैं और गरीबों को दान देते हैं इसी तारतम्य में बैलाडीला किरन्दुल में महावीर जयंती के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा नगर के बस स्टैंड परिसर पर पंडाल लगवाकर सुबह से ही लोगो की सेवा में सरबत की व्यवस्था किया गया था, इस शरबत वितरण के दौरान ठंडी सरबत पीने हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई सभी धर्मों में सर्वधर्म समभाव की भावना देखने को मिली। इस दौरान मिलाप जैन, प्रकाश चंद जैन, विशाल जैन, सुनील जैन,महेंद्र जैन, संजय कोचर, निश्चल चौधरी, आदि ये लोग सुबह से ही सरबत वितरण की व्यवस्था में लगें रहे।

सामूहिक भोज का किया आयोजन

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। 14 अप्रैल 2022 को 11 वी बीएसएफबीएन व सीओबी दण्डकवन के जवानों के द्वारा बैशाखी तथा खालसा पंथ स्थापना दिवस के पावन पर्व के उपलक्ष में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।जिसमें कुलदीप सिंह कमांडेण्ट 11 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल व अन्य जवानों द्वारा सीओबी दण्डकवन में स्थित गुरुद्वारे में पाठ व अरदास के उपरान्त आस पास के गावों से आये ग्रामवासियों व यात्रियों को सामूहिक भोजन करवाया गया। यात्रियों के साथ साथ स्थानिय गांव, वैसगांवअतुलवेडा व आस पास के गावों के तकरीवन 500 लोग शामिल हुयें। बीएसएफके द्वारा किये गये इस प्रकार के कार्यक्रमों से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों के हृदय में सदभावना व सुरक्षा की भावना पैदा होती है।

नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनुराग झा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती चित्रा वर्मा के पर्यवेक्षण थाना कांकेर पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला भगा ले जा दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित परिवार ने 12 अप्रेल को थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान अपराध दर्ज होने के चंद घंटों के अंतराल में अपहता को धमतरी में आरोपी आशीष पाल पिता राजा पाल उम्र 24 वर्ष निवासी डाक बंगला वार्ड धमतरी के कब्जे से बरामद किया नाबालिग पीड़िता के बयान से यह ज्ञात हुआ कि आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जा दुष्कर्म किया है।आरोपी को अंतर्गत धारा 363 366 376 भादवि धारा 4,6 पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

फर्जी फेसबुक बनाकर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनुराग झा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती चित्रा वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने युवती के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार किया है थाना क्षेत्र की एक युवती ने 23 मार्च को आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज कराया था कि युवती के नाम का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर उस अकाउंट में युवती का प्रोफाइल फोटो लगा कर कोई अज्ञात व्यक्ति आपत्तिजनक फोटो पोस्ट कर रहा है युवती द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन की जांच की गई जांच के दौरान सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक में पत्राचार कर जानकारी प्राप्त की गई आपत्तिजनक पोस्ट के आईपी के संबंध में साइबर सेल कांकेर की सहायता से विवेचना में ज्ञात हुआ कि युवराज कोडोपी पिता सिद्धार्थ कोडोपी निवासी चिनौरी द्वारा अपने मोबाइल डिवाइस में युवती के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने की पुष्टि होने पर आरोपी के विरुद्ध अंतर्गत धारा 509(ख) भादवि 66(ख) 67,67(ए) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी को बुधवार 13 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से फर्जी अकाउंट तैयार करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किया गया है जिसमें युवती का फर्जी फेसबुक अकाउंट होना पाया गया तथा कई आपत्तिजनक पोस्ट होने पाए गए हैं गिरफ्तार आरोपी शासकीय कोमल देव अस्पताल कांकेर में नर्सिंग स्टाफ मेल के पद पर पदस्थ है।आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

राज्य में तीन वर्षों में कुपोषण में 8.7 प्रतिशत की कमी

■ **महिलाओं और बच्चों की बेहतरी सरकार की प्राथमिकता**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की खुशहाली और बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में महिलाओं और बच्चों के हितों के संरक्षण और उनकी बेहतरी के लिए कई अभिनव योजनाएं संचालित की जा रही है। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा और उनके स्वास्थ्य के स्तर को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे राज्य में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

बेहतरी प्राथमिकता

छत्तीसगढ़ में एकीकृत बाल विकास सेवा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, वजन त्यौहार तथा नवा जतन जैसी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री पोषण अभियाान के समन्वित प्रयास से विगत तीन वर्षों के दौरान कुपोषण में 8.7 प्रतिशत की कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-4 के अनुसार प्रदेश के 5 वर्ष से कम उम्र के 37.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषण और 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थीं। कुपोषित बच्चों में अधिकांश आदिवासी और दूरस्थ वनांचलों के थे। राज्य सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत 2 अक्टूबर 2019 से की। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करने की रणनीति तैयार की गई है। योजना शुरू होने के समय वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 4 लाख 33 हजार 541 बच्चे कुपोषित थे।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के चलते राज्य में अब तक 1,72,000 से अधिक बच्चे अब कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इस तरह कुपोषित बच्चों की संख्या मे कुल 39 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य में 85 हजार महिलाएं एनीमिया से मुक्त हो चुकी हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के मुताबिक राज्य में कुपोषण का प्रतिशत 31.3 है जो कुपोषण के राष्ट्रीय औसत से 32.1 प्रतिशत से कम है। राज्य में महिलाओं और बच्चों को पोषण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के दौरान कुपोषित महिलाओं, शिशुवती महिलाओं एवं शाला त्यागी किशोरियों एवं 51,455 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लगभग 27 लाख हितग्राहियों को भी घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट फू ड वितरित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में कौशल्या मातृत्व योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं के पोषण में सुधार के लिए द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर राज्य द्वारा 5 हजार रूपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अब राशि को 15 हजार रूपए से बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दिया गया है। बढ़ी हुई दर से जरूरतमंद परिवारों की लगभग 8 हजार कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया गया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ में सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से प्रदेश में 27 जिलों में पीड़ित व संकटग्रस्त, जरूरतमंद महिलाओं को उनके आवश्यकतानुसार सुविधा और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इन सेंटरों में विगत तीन वर्ष की अवधि में 8 हजार 826 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 3 हजार 694 प्रकरणों में महिलाओं को आश्रय सुविधा प्रदान की गई। महिला हेल्प लाईन 181 के माध्यम से 2 हजार 793 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। राज्य में महिला स्व-सहायता समूहों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए 2 लाख रूपए का ऋण प्रदान करने की व्यवस्था सक्षम योजना के तहत की गई है। छत्तीसगढ़ महिला कोष के माध्यम से ऋण लेने वाले महिला स्व-सहायता समूहों पर लगभग 13 करोड़ रूपए का ऋण लंबित होने के कारण इनके काम-काज ठप्प हो गए थे। सीएम ने छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा वितरित महिला समूहों का 12 करोड़ 77 लाख का बकाया ऋण माफकरने के साथ ही इस योजना में दिए जाने वाले ऋण की सीमा को भी बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष के लिए वर्ष 2018-19 की तुलना में इस साल बजट के प्रावधान में 30 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 5 करोड़ 20 लाख का प्रावधान किया गया है। महिलाओं एवं बच्चों की सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय पर बढ़ोत्तरी की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 5 हजार रूपए से बढ़ाकर 6500 रूपए और सहायिकाओं का 2500 रूपए से बढ़ाकर 3250 रूपए कर दिया गया है।

केंद्र सरकार से फुलवारी क्रेश केंद्रों के पुन: संचालन की मांग

■ **देश में सक्षम आंगनवाड़ी व मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य की शुरूआत के लिए हुआ विचार विमर्श**

■ **सम्मेलन में महिलाओं और बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन के लिए दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने केंद्र सरकार से 2850 फुलवारी क्रेश केंद्रों और 400 आंगनबाड़ी सह-क्रेश केंद्रों को फिर से प्रारंभ करने का मुद्दा उठाया है। इसी प्रकार राज्य में पदस्थ 226 क्रेश कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय के साथ योजना को पुनः संचालित करने की स्वीकृति देने की मांग केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित की गई क्षेत्रीय परामर्श सम्मेलन में की गई है।

सम्मेलन में सम्पूर्ण देश मे सक्षम आंगनवाड़ी व मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य की शुरुआत करने के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की महिला बाल विकास की संचालक दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि राज्य में 10 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाया जा रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी के लक्ष्यों के अनुरूप यदि राज्य को राशि दी जाती है तो वर्ष 2022-23 में ही 10 हजार मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाए जा सकेंगे। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए पूर्वोत्तर राज्यों की तरह वाहन व्यवस्था, सभी सखी सेन्टर के लिए वाहन व्यवस्था, स्वाधार एवं उज्वला होम के किराया मद में वृद्धि आदि महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए।

श्रीमती मिश्रा ने राज्य में महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों के बेहतर संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी, पूरक पोषण आहार के वित्तीय मापदण्ड में वृद्धि, बच्चों के प्रभावी संरक्षण हेतु बाल संरक्षण योजना का ग्राम स्तर तक प्रभावी विस्तार एवं क्रियान्वयन हेतु अमला एवं अधोसंरचना, आंगनबाड़ी के हितग्राहियों के लिये पोषण दरों में मंहगाई अनुसार वृद्धि किए जाने के सुझाव दिए। इसके अलावा उन्होंने शहरी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति एवं निर्माण दरों में वृद्धि, प्रत्येक केंद्रों हेतु बाउंड्रीवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के सभी जिलों में विस्तार करने की आवश्यकता जताई।

तीन दिन में 30 स्कूलों की जांच, 14 को नोटिस जारी, 9 टीमें कर रही जांच

■ **तय राशि से ज्यादा फीस लेने सहित शिक्षण सुविधाओं की हो रही जांच**

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के निजी रूकूलों द्वारा विद्यार्थियों के पालकों से तय राशि से ज्यादा फीस लेने और स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की सुविधाओं में कमी की सूचना को कलेक्टर सौरभ कुमार ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने नवप्रदेश में प्रकाशित खबरों को भी संज्ञान में लेकर सभी निजी विद्यालयों की जांच के निर्देश डीईओ को दिए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी विद्यालयों की जांच के लिए 9 जांच दल बनाए गए। इन दलों ने

पिछले तीन दिनों में ही जिले के 30 निजी स्कूलों में दबिश देकर वहां उपलब्ध सुविधाओं सहित पालकों से ली जा रही फीस आदि की पूरी जानकारी ली है। जांच दल की रिपोर्ट पर डीईओ ने पिछले तीन दिनों में 14 निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर जरूरी दस्तावेजों के साथ कार्यालय में तलब किया है।

जिला पर 5 और ब्लॉक स्तर पर 4 टीम गठित

निजी स्कूलों की जांच के लिए जिला स्तरीय 5 और 4 विकासखण्ड स्तरीय जांच दल बनाये है। औचक निरीक्षण के दौरान गणवेश, पुस्तक-कॉपी आदि की खरीदी के संबंध में जानकारी ली गई है। निर्धारित फीस, उसका फीस नियामक समिति द्वारा अनुमोदन, 8 प्रतिशत की सीमा में बढ़ोत्तरी की भी प्रमुखता से जांच की जा रही है। इसके साथ ही शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत पढ़ने वाले बच्चों की उपस्थिति, स्कूलों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, अध्यापन कक्षों की उपलब्धता, शिक्षकों की उपस्थिति, कोविड टीकाकरण आदि की भी जांच दलों द्वारा गंभीरता से की जा रही है। अपने निरीक्षण के दौरान निजी विद्यालयों को शासकीय मान्यता संबंधी दस्तावेज की भी जांच की जा रही है।

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की 131वीं जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 131वी जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए किया नमन।

डॉ महंत ने कहा कि, डॉ. आंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए प्रयास किए। सामाजिक-राजनीतिक सुधारक के रूप में आंबेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा असर हुआ है और अपने जीवन को जाति उत्पीड़न और भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित किया, जिससे भारतीय समाज जाति व्यवस्था की बुराइयों के बारे में अधिक जागरूक हो गया, और इसे अधिक समावेशी बनाने की दिशा में काम किया, जिन्हें संविधान में विस्तार से बताया गया है। समूचे जीवन में उन्होंने अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए प्रयास किए।

छग में किडनी के मरीजों को नि:शुल्क मिल रही डायलिसिस की सुविधा

■ **लोगों को सस्ती और अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में चिकित्सा सुविधा को सस्ती और अच्छी बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। राज्य के बीपीएल राशन कार्ड धारकों को पांच लाख रूपए तक का कैशलेस इलाज मुहैया कराने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना पहले ही शुरू की जा चुकी है। अब राज्य शासन के द्वारा किडनी के मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी दी जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय निःशुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत राज्य के आठ जिला अस्पतालों में 'जीवन धारा' नाम से निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। किडनी रोगों से ग्रस्त मरीजों को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ही डायलिसिस की सुविधा मिलने से किडनी रोगों से पीड़ितों को अब दूर नहीं जाना पड़ रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों के श्रम, धन और समय की भी बचत हो रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के आठ जिलों दुर्ग, कांकेर, कोरबा, बिलासपुर, जशपुर, सरगुजा, महासमुंद और बीजापुर में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए जशपुर, दुर्ग व कांकेर जिले में पांच-पांच, अंबिकापुर व महासमुंद में चार-चार, कोरबा में छह, बीजापुर में तीन एवं बिलासपुर में चार (सिम्स मेडिकल कॉलेज में तीन और बिलासपुर कोविड अस्पताल में एक), इस तरह कुल 36 मशीनों की स्थापना की गई है।

राष्ट्रीय निःशुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत अब तक आठ जिला अस्पतालों में कुल 23 हजार 129 डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं। इनमें से दुर्ग जिले में 4885, कोरबा में 4872, कांकेर में 4230, बिलासपुर में 3504, महासमुंद में 2631, सरगुजा में 1390, बीजापुर में 942 एवं जशपुर में 675 सेशन किए गए हैं।

निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिस कराने का 700 रूपए से 1200 रूपए लगता है, जबकि राज्य शासन द्वारा निःशुल्क यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न जिलों के शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा से दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को डायलिसिस के लिए दूर जाना नहीं पड़ रहा है।

मंत्री अकबर से मिले वक्फ बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुलाम मिनहाजुद्दीन

रायपुर/नवप्रदेश। वन तथा विधि-विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर से शंकर नगर-रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात् श्री गुलाम मिनहाजुद्दीन ने सौजन्य भेंट की। श्री अकबर ने उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि गुलाम मिनहाजुद्दीन छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं।

राज्यभर में बन रहे सी-मार्ट : अब शहरों में एक छत के नीचे मिलेंगे गांवों में तैयार उत्पाद

■ **गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों का होगा विक्रय**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल सी-मार्ट की स्थापना को लेकर राज्यभर में तैयारी जोरों पर है। गांव में तैयार होने वाले विभिन्न उत्पादों को नया बाजार देने और शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध कराने राज्य सरकार ने सी-मार्ट (छत्तीसगढ़-मार्ट) का कॉन्सेप्ट लाया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सी-मार्ट की स्थापना के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरे चरण में राज्य से बाहर में महानगरों में सी-मार्ट स्थापित किए जाएंगे। इस कड़ी में बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में 6 हजार वर्गफीट बनकर तैयार हो चुका है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शीघ्र ही करेंगे।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में अनेक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों, शिल्पकारों, बुनकरों, दस्तकरों, कुम्भकरों और अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ही छत्त के नीचे विक्रय करने के लिए सकारात्मक पहल की है। सी-मार्ट को लेकर तैयार प्रारूप के अनुसार गौठानों में कार्यरत महिला-स्वसहायता समूह द्वारा तैयार विभिन्न तरह के उत्पाद समेत गांवों में बनने वाले अनेक तरह के उत्पादों को एक छत के नीचे बिक्री के लिए रखा जाएगा। इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के साधन बढ़ेंगे। सी-मार्ट महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के लिए आत्मनिर्भर बनने की राह में मील का पत्थर साबित होगा। उनसे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

सी-मार्ट में यह मिलेगा

सी-मार्ट में दैनिक उपयोग के समान जैसे हल्दी, मिर्च, पापड़, चिप्स, बड़ी-बिजौरी, आचार, फिनाइल, हैंडवॉश, वासिंग पाउडर, अगरबत्ती, धूप, दोना-पत्तल, ढेकी से कूटा हुआ चावल, घानी से निकाला हुआ तेल, कोदो, कुटकी, मक्का से लेकर सभी दलहनी फसलें बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। उक्त उत्पाद जिले के विभिन्न गौठान में स्थित आजीविका सेंटर में कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा तैयार किए गए है। इसी के साथ ही सी-मार्ट में वन विभाग के मशहूर ब्रांड 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के भी विभिन्न उत्पाद जैसे इमली, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, आंवला, शहद उपलब्ध होंगे। गांवों में बने फूलझाड़ू, टेराकोटा, बेलमेटल, बांस उत्पाद, चमड़े के सामान, लौहशिल्प, कोसा सिल्क और लकड़ी के उत्पाद भी यहां बिकेंगे।

मार्केटिंग के लिए खास रणनीति

छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों की तरह ग्रामीण उत्पादों की मार्केटिंग की व्यवस्था लघु वनोपज संघ द्वारा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टरों को महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित एवं अन्य सभी पारंपरिक उत्पादकों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था हेतु प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ से समन्वय करने को कहा है।

इनको बनाया गया है सदस्य

सी-मार्ट योजना के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है। समिति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय एवं मॉनिटरिंग का काम करेगी। इस समिति में वित्त विभाग, वन विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, खनिज साधन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित वनोपज संघ के प्रबंध संचालक को सदस्य बनाया गया है।

चिटफंड कंपनी निर्मल इंफ्राहोम कार्पोरेशन की खरोरा स्थित जमीन की हुई नीलामी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में चिटफंड कंपनी निर्मल इंफ्राहोम कार्पोरेशन की कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी हुई। खरोरा की 0.834 हेक्टयर भूमि की नीलामी की गई। यह जमीन बाजार मूल्य से लगभग साढ़े तीन गुना से अधिक दर पर नीलाम हुई। जमीन को रायपुर के अमित अग्रवाल ने 51 लाख 51 हजार रूपये की बोली लगाकर खरीदा। इस संपत्ति की नीलामी से मिली राशि को प्रशासन द्वारा कंपनी के निवेशकों को वापस लौटाया जाएगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने चिटफंड कंपनी की खरोरा गांव स्थित भूमि को कुर्क किया था।

इसके बाद जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से आदेश जारी कर भूमि को नीलाम करने के लिए तहसीलदार खरोरा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। नीलामी की कार्रवाई तहसील कार्यालय प्रांगण में हुई। इसके पहले पूरे प्रकरण को तहसीलदार द्वारा शासकीय प्रक्रिया अनुसार दर्ज किया गया था।

नीलामी की कार्रवाई के पहले सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत सूचना भी जारी की गई थी। खरोरा की इस भूमि का स्थानीय पटवारी और राजस्व निरीक्षक द्वारा मूल्य गणना भी कराई गई थी। राजस्व अधिकारियों ने बाजार मूल्य के हिसाब से इस भूमि का मूल्य 13 लाख 90 हजार 612 रूपये अनुमानित किया था। नीलामी में आठ लोग शामिल हुए, जिनमें से अमित अग्रवाल ने 51 लाख 51 हजार रूपये की बोली लगाकर भूमि को खरीदा।

डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर सार्वजनिक जयन्ती समारोह समिति द्वारा मठा वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर जी के 131 वीं जयन्ती के उपल्यक्ष में गुढ़ियारी युवा बौध्द संघ के रमाकान्त रामटेके, मुकुन्द मसुरकर के नेतृत्व मे गुढ़ियारी बौध्द विहार से हजारो की संख्या में बाईक रेली निकलकर बाबा साहेब की जय-जय कार के नारे लगाते हुए उत्साह पूर्वक बाबा साहेब आम्बेडकर प्रतिमा के पास समापन किया गया। जिसमे भारतीय बौध्द महासभा के जिला अध्यक्ष और बाबा साहेब आम्बेडकर सार्वजनिक जयंती के रैली प्रभारी प्रकाश रामटेके,विजय गजघाटे, जी.एस.मेश्राम,विजय चौहान जी के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुध्द वंदना कर बाइक रैली में आये हजारो की संख्या में सभी युवाओं को मठ्ठा वितरण करके पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिती के संयोजक भोजराज गौरखेड़े जी,राहुल रामटेके, राजु मेंढे, मनोज सहारे, राजकमल मेश्राम, प्रदीप रंगारी, मकरन्द घोड़ेसवार, प्रमोद वैद्य, रामभाऊ डोंगरे,महेश बोरकर, हरीश रामटेके, पुष्पा वैद्य, नन्दा रामटेके, निरदोश डोंगरे, लकेश गजभिये, खिलेन्द्र धावड़े, आशिश नागदेवे, आशु डोंगरे, धीरज रहाटे, चन्द्रकान्त रामटेके, विवेक मेश्राम, सिध्दार्थ सुमीत चौहान, संगीता रामटेके, अनीता गजभिये, प्रतिमा गजभिये, रिना बोरकर, पुरोष्तम मेश्राम, लोकचन्द डोंगरे, देवेन्द्र भौतिक एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

राजधानी में 19 से तीन दिवसीय राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का सीएम बघेल करेंगे शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजन राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ऑडिटोरियम में 19 से 21 अप्रैल तक किया जाएगा। राष्ट्रीय महोत्सव का उद्घाटन 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे तथा समापन 21 अप्रैल को राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य में होगा। राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव, राज्य स्तरीय जनजातीय नृत्य प्रदर्शन और राज्य स्तरीय कला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह आयोजन आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री डॉ.टेकाम ने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान राज्य के विभिन्न अंचलों के जनजातीय समुदाय के प्रबुद्ध व्यक्तियों, समाज प्रमुखों, साहित्यकारों एवं कला मर्मज्ञों को भी आमंत्रित किया जाए। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बस्तर बैंड का प्रदर्शन, बाल कलाकार सहदेव नेताम और जनजातीय नृत्य मुख्य आकर्षक होंगे। साहित्य सम्मेलन को पद्मश्री साहित्यकार हलधर नाग भी सम्बोधित करेंगे।

बैठक में सचिव आदिमजाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास डीडी सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जनजातीय विषयों के लेखक और शोधार्थियों का संगम :

साहित्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से जनजातीय विषयों पर लेखन कार्य करने वाले जनजातीय एवं गैरजनजातीय स्थापित एवं विख्यात साहित्यकारों, रचनाकारों, विश्वविद्यालयों के अध्येताओं, शोधार्थियों, विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। अब तक 80 शोधपत्र प्राप्त हो चुके हैं। शोध पत्रों के सारांश को पुस्तक आकार देने प्रकाशन की तैयारी चल रही है। शोधार्थियों को कार्यक्रम में शोध पढ़ने के लिए आमंत्रण भेजा जा चुका है। वरिष्ठ साहित्यकारों और विद्वानों के साथ परिचर्चा के लिए देश के विभिन्न जनजातीय राज्यों एवं विश्वविद्यालयों से लगभग 28 प्रोफेसरों एवं साहित्यकारों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। राज्य के भी विद्वान जो महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं जनजातीय क्षेत्रों में है, उनको भी आमंत्रित किया गया है।

बड़ा फर्जीवाड़ा : फर्जी चेक लगाकर प्रशासन के खाते से अज्ञात आरोपी ने 1.29 करोड़ की लगाई सेंध

■ संयुक्त कलेक्टर ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर, जांच में जुटी पुलिस

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। दरअसल, अज्ञात आरोपी ने कलेक्टर कार्यालय कोरिया के बैंक खाते से फर्जी चेक लगाकर 1 करोड़ 29 लाख रुपए निकाल लिए गए। इसकी सूचना बैंक प्रबंधन ने दी तो प्रशासनिक अधिकारियों के होश उड़ गए। कलेक्टर ने तत्काल अफसरों की बैठक लेकर जानकारी ली साथ ही एफआईआर कराने के निर्देश दिए। जिस पर संयुक्त कलेक्टर ने चरचा थाने में सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर कार्यालय के एक शाखा से 23 दिन के भीतर 3 लोगों के नाम से 21 फर्जी चेक स्टेट बैंक में लगाकर राशि आहरण किया गया है। इसकी सूचना स्टेट बैंक प्रबंधन ने कलेक्टोरेट कार्यालय में दी तब मामले का खुलासा हुआ। जिन नंबरों के 21 चेक से रुपए का आहरण किया गया है उन नंबरों के चेक अभी भी कलेक्टर कार्यालय में सुरक्षित है। ऐसे में चेक की क्लोनिंग या डुप्लीकेट चेक बनवाकर रुपए निकालने की बात

सामने आ रही है। संयुक्त कलेक्टर की रिपोर्ट पर चरचा पुलिस ने फर्जी चेक के माध्यम से 1 करोड़ 29 लाख 788 रुपए का फर्जीवाड़ा करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 467, 468, 471, 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इन व्यक्तियों के नाम पर राशि जारी

कोरिया जिले के संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार ने चरचा थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि कोरिया कलेक्टोरेट कार्यालय के नजरात शाखा के खाता नंबर 11032262800 स्टेट बैंक बैकुंठपुर में संचालित है। उक्त खाते में जमा राशि के संबंध में 13 अप्रैल को ब्रांच मैनेजर द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया कि 22 मार्च से लेकर 13 अप्रैल तक आपके कार्यालय को जारी चेक बुक में से चेक क्रमांक 187915, 187913, 187914, 187916, 187920, 187923, 187926, 187925, 187928, 187929, 187932, 187918, 187917, 187919, 187924, 187927, 187930, 187922, 187931, 187933, 187934 की राशि समान नाम के व्यक्ति/फर्म (दीवान सिंह पारते, अक्षर पविलियन सीएचएसएल व अतीश सुभाष गायकवाड़) के खातों में क्लीयरिंग द्वारा कई बार जमा हो रहा है। इन 3 खातों में 1 करोड़ 29 लाख 788 रुपए का आहरण अब तक कर लिया गया है।

जिन चेक नंबरों से पैसे आहरण हुए वे दफ्तर में सुरक्षित

बैंक प्रबंधन से कलेक्टर को जानकारी मिलते ही उन्होंने आनन-फानन में अफसरों की बैठक बुलाई। इस दौरान पता चला कि जिन चेक के माध्यम से राशि आहरण हुए, उन चेक को कलेक्टर कार्यालय की तरफ से जारी ही नहीं किए गए। हालांकि बैंक प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के बाद जब कार्यालय द्वारा मामले की जांच की गई तो पता चला कि चेक क्रमांक 187906 तक का चेक ही कार्यालय द्वारा जारी किया गया है तथा शेष चेक मूल चेक बुक में आज भी कार्यालय में उपलब्ध है। स्टेट बैंक मैनेजर द्वारा उपलब्ध कराए गए स्टेटमेंट, 10 स्केन्ड चेक की जांच से पता चला कि उपरोक्त सभी 21 चेक इस कार्यालय से न तो जारी किया गया है और न ही उक्त चेक का इस कार्यालय के चेक पंजी में उल्लेख है। स्पष्ट है कि उपरोक्त दर्शित चेक की कूटरचना कर रकम का आहरण किया गया है।

'जीयो और जीने दो' जीव हत्या बन्द करो : जैन समाज

बचेली/नवप्रदेश। जैन समाज के सबसे प्रमुख भगवान श्री महावीर जी की जयंती के पावन अवसर पर आज सकल जैन समाज किरंदुल - बचेली ने मिलकर मुख्य मार्ग बचेली में मीठे पेय पदार्थ का वितरण किया। आपको बता दे कि बीते वर्षो में कोरोना काल की वजह से ये आयोजन नही किया जा सका। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बचेली किरंदुल जैन समाज के सदस्यो की उपस्थिति रही। समाज के सबसे वरिष्ठ श्री चम्पालाल जैन ने बताया कि भगवान महावीर के आदर्शों पर चलकर जैन ÷ समाज जियो ओर जीने दो÷ पर लोगो को हमेशा से अहिंसा का संदेश देते आ रहा है। ईश्वर ने सभी जीवों को जीने का अधिकार दिया है परंतु मनुष्य शाकाहारी होते हुए भी स्वाद की लोलुपता के चलते जीव हत्या जैसा पाप करता है। मनुष्य जीवन सभी प्राणियों की रक्षा करने के लिए ईश्वर द्वारा दिया गया अनमोल तोहफा है। जैन समाज पूरे देश मे भगवान महावीर स्वामी जी के 5 सिद्धांतों पर अमल करता है। यह सिद्धांत हैं- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। जैन समाज हमेशा से भारत भर में जीव हत्या बन्द करने के लिए भगवान महावीर का संदेश देते आया है। जैन समाज की ओर से अभी नगरवासियो को भगवान श्री महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया

किरन्दुल/नवप्रदेश। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है ! 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बंदरगाह के विक्टोरिया डाकयार्ड में एक भीषण अग्निदुर्घटना हुई थी, जिस पर काबू पाने के दौरान 68 अग्निशमन कर्मचारियों एवं 150 सिविल नागरिकों ने अपने प्राणो की आहूति दे दी ! उन बहादुर अग्निशमन कर्मचारियो एवं नागरिको की शहादत को हमेशा याद रखने के लिए एवम् उन्हे सम्मान व श्रध्दांजलि देने हेतु सन 1963 में भारत सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि हर वर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के रूप में मनाया जाए तथा इस अवसर पर अग्निशमन जागरूकता हेतु जनसाधारण को अग्निजनित दुर्घटनाओ से होने वाले खतरो व बचाव की जानकारी दी जाए। भारत सरकार के निर्देषानुसार हर वर्ष की भाँति सीआईएसएफ इकाई बीआईओएम किरंदूल में इस वर्ष भी राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत की गई। आज के दिन उन सभी अग्निशमन कर्मियो को श्रृद्धांजलि देते है जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 की अग्नि दुर्घटना में तथा उसके बाद के वर्षो में हुई अग्नि दुर्घटनाओ को नियंत्रित करने के दौरान अपने प्राणो की आहुति दी। इसी संबंध में इस सप्ताह को अधिक प्रभावी बनाने व आम नागरिको को अग्नि जनित दुर्घटनाओ के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा द्वारा पम्पलेट व बुकलेट तैयार किए गए है जो कि इस सप्ताह के दौरान जगह जगह पर लोगों में वितरित किए जाएंगे, अग्नि सुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट व बैनर का अनावरण इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बल मुख्यालय के निर्देषानुसार अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान अनेक अग्नि सुरक्षा व सतर्कता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

कलेक्टर ने गौठान पहुंच कार्यक्रम की समीक्षा गोबर खरीदी, बिजली, पानी की ली जानकारी

■ गौठानों के माध्यम से महिलाओं को सक्रिय कर मल्टीएक्टिविटी के कार्यों में जोड़ने के दिए निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने गौठान पहुंच कार्यक्रम के तहत जिला अधिकारियों द्वारा जिले के गौठान भ्रमण के पश्चात गौठान की अद्यतन स्थिति के बारे में समीक्षा की। उन्होंने जिला अधिकारियों से गौठान भ्रमण के दौरान गौठान निरीक्षण के अनुभवों और गौठानों से संबंधित समस्याओं-सुझावों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से गौठान में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, गौठान संचालन एवं महिलाओं द्वारा की जा रही आजिविका गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान गौठानों में गोबर खरीदी की मात्रा, गोबर खरीदी भुगतान, केंचुओं की उपलब्धता, गौठानों में चारा, पानी की उपलब्धता, बिजली, पशुओं की संख्या, आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। साथ ही बिजली, पानी आदि मूलभूत चीजों की जरूरत वाले गौठानों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में महिलाओं के आजीविका गतिविधियों के लिए बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि के शेड बनाने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट भण्डारण के लिए कमरा और शेड बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

मल्टीएक्टिविटी के सेंटर की जानकारी ली : समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने गौठानों में चल रहे मल्टीएक्टिविटी के सेंटर की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों से गौठानों को और अधिक विकसित करने के सुझाव की भी जानकारी ली। पानी और बिजली की समस्या वाले गौठानों में प्राथमिकता के साथ समस्याओं को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट को सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों द्वारा उठाव सुनिश्चित करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही किसानों को आसानी से वर्मी कम्पोस्ट उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद-बीज की दुकानों में भी वर्मी कम्पोस्ट बिक्री हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शिवा के बेहतर ईलाज के लिए विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

रायगढ़/नवप्रदेश। पेट संबंधी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे ग्राम छुहीपाली के 14 वर्षीय शिवा पटेल के बेहतर ईलाज के लिए रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है। रायगढ़ विधायक ने इसके ईलाज के लिए मुख्यमंत्री सहायता राशि के तहत 3 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छुहीपाली ग्राम पंचायत बिलाईगढ़ में रहने वाले उदयराम पटेल के बेटे शिवा पटेल पिछले करीब 2 माह से पेट संबंधी बीमारी से जूझ रहा है। उनके घर वालों ने उसके ईलाज के लिए उसे बुरला

(ओड़िशा) अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया।

चूंकि उसका अब आगे भी ईलाज होना है जिसमें काफी रुपये खर्च होंगे। कक्षा 7वी में अध्ययनरत शिवा के पिता उदयराम ने बताया कि उनका परिवार रोजी- मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा है। अब तक बच्चे के ईलाज में करीब 4 लाख रुपये खर्च हो चुके। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अब उनका परिवार उसके आगे की बीमारी के ईलाज के लिए खर्च कर पाने में सक्षम नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्होंने रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक से बुधवार को कार्यालय पहुंचकर मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई। संवेदनशील व ऊर्जावान विधायक ने इसे पूरे गंभीरता से लेते हुए सीएम को पत्र के माध्यम अवगत कराया है। शिवा पटेल के आगे की ईलाज के लिए 3 लाख रुपये स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

परिक्षेत्रीय साहू समाज परसापानी का वार्षिक अधिवेशन ग्राम अर्जुनी में सम्पन्न हुई

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक के ग्राम अर्जुनी में परिक्षेत्रीय साहू समाज परसापानी का वार्षिक अधिवेशन आज बुधवार को सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा. लक्ष्मी ध्रुव जी विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र रहा। इस अवसर पर मां कर्मा की पुजा आरती एवं अतिथियों का स्वागत सम्मान स्वागत गीत , अध्यक्ष महोदय जी का ताजपोशी उदबोधन प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का सम्मान, बुजुर्गो का सम्मान, सचिव के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का पठन, कोषाध्यक्ष महोदय जी द्वारा आय-व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन का पठन किया गया। इस अवसर पर जयकृष्ण साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज परसापानी, पुनित राम साहू, अनराज साहू, सखा राम साहू, प्रभावती साहू संयोजक धमतरी, पेमन्त साहू पुर्व सचिव, बिसरु राम वट्टी सरपंच चिवर्री, रोशनलाल साहू उपसरपंच करैहा, रामकिशन साहू, लेख राम साहू, नंद लाल साहू पुर्व कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज परसापानी, चन्द्रभान साहू पीला राम साहू समाज सेवक, शीतल राम साहू समाज सेवक तहसील साहू सामाज नगरी, अरुण कुमार साहू, लोकेश्वर साहू, लल्लू राम साहू, लक्ष्मण साहू, महेश साहू एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

अंगना म शिक्षा- 2.0 का शाला स्तरीय प्रशिक्षण सह मेला का हुआ आयोजन

रायगढ़/नवप्रदेश। अंगना म शिक्षा अभियान के तहत रायगढ़ विकास खंड के शा.प्रा.शाला चमड़ा गोदाम मे शालास्तरीय प्रशिक्षण व मेले का आयोजन हुआ जिसका प्रमुख उद्देश्य घर आंगन में रहकर, दैनिक घरेलु सामग्रियों का उपयोग कर, बिना अतिरिक्त समय के माताए अपने बच्चों की पढ़ाई मे कैसे मदद कर सकतीं हैं यह बताना था। मेला का आयोजन दिनाकं 13/4/2022 को हुआ, मेले का आरम्भ सर्वप्रथम मां सरस्वती वीणापाणी की पूजा अर्चना से किया गया जिसमें बच्चों ने भी संस्कृत मंत्र गाकर अपनी सक्रीय भूमिका निभाई तत्पश्चात अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की आवश्यकता, उद्देश्य व महत्व पर श्रीमती गायत्री शर्मा द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया तथा काऊंटर 1 से 9 तक की विभिन्न गतिविधियों का डेमो दिया गया 7जिसके अन्तर्गत संतुलन बनाना, पेपर फोल्डीग, रंग पहचानना, वर्गीकरण करना,चित्र पठन, आकार पहचानना, अक्षर,शब्द, और अनुच्छेद पढना, गिनना,जोडना ,घटाना ,छोटा बड़ा ,मिलान करना आदि शामिल थे तत्पश्चात 3 माताओ का स्मार्ट माता के रूप में चयन कर उन्हे टियारा व क्राउन पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी संकुल राजीव गान्धी नगर के शैक्षिक समन्वयक श्री एन के वैष्णव जी ने भी अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के बारे में अपने शैक्षणिक अनुभव साझा किये और प्रशिक्षण संबंधित विषयों पर प्रकाश डालते हुए ,शिक्षा गुणवत्ता के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के सभी आयामों पर बात की और बेहतरीन से बेहतरीन करने के लिए प्रेरित किया, अंत में संस्था प्रमुख के धन्यवाद ज्ञापन के साथ मेले का समापन हुआ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अंबेडकर चौक में लगेगी ...

हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता का अवसर देता है। इस संविधान के चलते हमें आरक्षण मिला। बाबा साहेब न होते तो समाज वर्ग विभाजन के ऊपर नहीं उठ पाता। उन्होंने हमें दुनिया का सबसे अच्छा संविधान दिया, जिसने शिक्षा, समानता और नौकरी का अधिकार दिया है। बाबा साहेब के रास्तों पर चलते हुए हमारी सरकार ने जाति प्रमाण पत्र का सरलीकरण किया है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां यदि माता-पिता के पास जाति प्रमाण पत्र है तो बच्चे को पैदा होते ही उसका जाति प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे ज्यादा महत्व दिया। उनकी नीति को आत्मसात करते हुए हमने आज लिए निर्णय में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जहां बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है, वहां कक्षा में प्रवेश 40 से बढ़ाकर 50 बच्चों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य कर एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खांडे एवं अंबेडकर समारोह आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

दुनिया को फिर से ...

मामलों में से 35 बाहर से आये हुये लोगों में दर्ज हुये हैं, जिससे इस तरह के मामलों की संख्या अब 31,524 तक पहुंच गयी है।

चीन में भी स्थिति काफी खराब

चीन में भी कोरोना की स्थिति काफी खराब बै। सख्त प्रतिबंधों के बावजूद चीन में कोरोना के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार को बीते 24 घंटे में 26 हजार से अधिक पॉजिटिव केस मिले थे। भारत को शंघाई स्थित अपनी काउंसलर सेवाओं को बंद करनी पड़ी। लोगों को बीजिंग स्थित एंबेसी में संपर्क करने के लिए कहा गया। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बुधवार को बताया कि शंघाई में बीते 24 घंटों में कोविड-19 के 1,189 नए मामले सामने आए हैं और 25,141 ऐसे संक्रमितों की भी पहचान की गई है, जिनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं। इसी के साथ शहर में संक्रमण के मामले एक बार फिर 26,000 के पार चले गए हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ बढ़ गया है।

आंध्र : फैक्टरी में आग...

होता है। कलेक्टर वी. प्रसन्ना वेंकटेश, पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और सांसद कोटागिरी श्रीधर ने स्थिति की समीक्षा की। इस बीच, मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 25-25 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। जिन लोगों को बड़ी चोटें आई हैं, उनमें से प्रत्येक को पांच लाख रुपये और मामूली रूप से घायल होने वालों को दो-दो लाख रुपये दिये जाएंगे।

वाराणसी में साड़ी कारखाने ...

पिता आरिफ अहमद और पुत्र मोहम्मद शाबान साड़ी की पैकेजिंग का काम करते थे। यहां किराए का कमरा लेकर साड़ियों की पैकेजिंग करते थे। गुरुवार दोपहर भी साड़ी की पैकेजिंग कर रहे थे। कमरे में दो दरवाजे थे दोनों दरवाजे बंद थे। एक दरवाजे के पास शार्ट सर्किट से आग लगी। आग साड़ियों के गट्ठर तक जा पहुंची और कुछ ही मिनटों में आग धधक उठी। दूसरा दरवाजा भी खोलने का मौका नहीं मिला। चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग पहुंचते तब तक चारों की मौत हो गई थी। घटना पर सीएम योगी ने गहरा दुख जताते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा निधि से सभी मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख राहत राशि देने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री संग्रहालय आजाद...

करने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष का पर्व, आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब ये संग्रहालय, एक भव्य प्रेरणा बनकर आया है। इन 75 वर्षों में देश ने अनेक गौरवमय पल देखे हैं। इतिहास के झरोखे में इन पलों का जो महत्व है, वो अतुलनीय है। देश आज जिस ऊंचाई पर है, वहां तक उसे पहुंचाने में स्वतंत्र भारत के बाद बनी प्रत्येक सरकार का योगदान है। आज यह संग्रहालय भी प्रत्येक सरकार की साझा विरासत का जीवंत प्रतिबिंब बन गया है।

श्री मोदी ने कहा कि देश के हर प्रधानमंत्री ने अपने समय की अलग-अलग चुनौतियों को पार करते हुए देश को आगे ले जाने की कोशिश की है। सबके व्यक्तित्व, कृतित्व, नेतृत्व के अलग-अलग आयाम रहे हैं। देश के हर प्रधानमंत्री ने संविधान सम्मत लोकतंत्र के लक्ष्यों की पूर्ति में भरसक योगदान दिया है। उन्हें स्मरण करना स्वतंत्र भारत की यात्रा को जानना है। यहां आने वाले लोग देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों की योगदान से रूबरू होंगे, उनकी पृष्ठभूमि, उनके संघर्ष एवं सृजन को जानेंगे। देश की जनता, विशेषकर युवा वर्ग, भावी पीढ़ी सभी प्रधानमंत्रियों के बारे में जानेगी तो उन्हें प्रेरणा मिलेगी।

जीएसटी को लेकर सीएम ...

अपने पत्र में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं वित्त मंत्रियों के साथ दिसंबर 2021 को नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय बजट 2022 -23 के पूर्व की चर्चा बैठक का भी उल्लेख किया है और कहा है कि छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों ने इस बैठक में जीएसटी अनुदान को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया था। राज्यों को इस संबंध में केंद्र सरकार से सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा है। सीएम ने कहा है कि जीएसटी कर प्रणाली लागू होने के पश्चात राज्यों के पास करारोपण के अधिकार अत्यंत सीमित हो गए हैं एवं वाणिज्य कर के अतिरिक्त अन्य कर राजस्व में राजस्व संबंधी बहुत संभावनाएं नहीं हैं। यद्यपि हमारे द्वारा राजस्व के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं किंतु कोविड-19 के कारण राज्यों की अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभावों से उबरने तथा जीएसटी कर प्रणाली के वास्तविक लाभ प्राप्त होने तक कम से कम वर्तमान क्षतिपूर्ति अनुदान व्यवस्था को आगामी 10 वर्ष तक जारी रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उत्पादक राज्यों को राजस्व की भरपाई की कोई वैकल्पिक स्थाई व्यवस्था केंद्र सरकार की ओर से करने की भी अपील की है । मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री राज्यों की इस चिंता से सहमत होंगे तथा सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप इस महत्वपूर्ण विषय पर राज्यों के हित में विचार कर इसका समाधान करेंगे।

स्वामी आत्मानंद स्कूलों...

आत्मानंद स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन स्कूलों में सीट नहीं होने से दिक्कतें बढ़ गई थीं। लोगों की मांग को देखते हुए सरकार ने सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतर लोगों को प्रवेश देने का फैसला किया है।

हर्षोल्लास से मनाया अम्बेडकर जयंती

भोपालपटनम/नवप्रदेश। तहसील के गोटाईगुड़ा चौक पर अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होना था किन्तु मुख्य अतिथि के 1:30 देरी से पहुंचने के कारण कार्यक्रम 10:30 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निर्मला मरपल्ली अध्यक्ष -जनपद पंचायत एवं अध्यक्ष- नगर पंचायत रिंकी कोरम के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। टीआई विनोद एक्का ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन के वृतांत पर और उनके द्वारा उल्लेखनीय कार्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मरपल्ली ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब संविधान के रचयिता थे। उन्होंने दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन में संविधान बनाया। विशिष्ट अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि- गौतम कामेश्वर ने कहा कि बाबा साहेब मानव नहीं महामानव थे। उन्होंने शोषित और दलितों समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। मंच पर बैठे अतिथियों को इंगित किया की आज आप जिस स्थान पर मंचासीन है। ये सब बाबा साहेब की देन है। अम्बेडकरवादी श्रीनिवास एटला ने कहा कि बाबा साहेब के बचपन में किये गए पढ़ाई में खलल डालने वाले दंबगो के सामने घुटने नहीं टेके बल्कि अपने पढ़ाई को जारी रखते हुए

संघर्ष किया। आज देश में ही नहीं विदेशों में भी देश का नाम रोशन किया। उनकी भाषा ज्ञान था एवं कई डिग्री हासिल की। देश में दो ही लोग थे जिन्होंने डीएसी की उपाधि प्राप्त किया वे थे बाबा साहेब और भूतपूर्व राष्ट्रपति स्व. श्री. डॉ. केआर नारायणन बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती विगत 15 वर्षो से गोटाईगुड़ा में मनाया जाता है। उस स्थान का नाम अम्बेडकर चौक रखा गया है क्योंकि इस स्थान से दो अंतरराज्यीय मार्ग है एक तेलंगाना और दूसरा महाराष्ट्र जाता है. विगत 15 वर्षा से इस कार्यक्रम का आयोजन चेताल समैया द्वारा किया जाता है. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज चन्दुर, तारलागुड़ा, भद्रकाली आदि तथा उसूर तहसील से इलमिड़ी, उसूर, आवापल्ली, बासागुड़ा आदि से लोग दुपहिया और चौपहिया वाहनों से आये। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे श्री. सीताराम तोड़ेम अनुपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

अमिताभ और अजय के साथ रनवे 34 में काम कर उत्साहित है रकुल प्रीत सिंह

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह महानायक अमिताभ बच्चन और सिंघम स्टार अजय देवगन के साथ फिल्म रनवे 34 में काम कर बेहद खुश और उत्साहित है।

रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रनवे 34 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में रकुल ने अमिताभ बच्चन और अजय देवगन के साथ काम किया है। रकुल प्रीत सिंह बताया कि वह रनवे 34 में अमिताभ बच्चन और अजय देवगन के साथ काम कर बेहद उत्साहित है।

रकुल प्रीत सिंह ने कहा, फिल्म रनवे 34 में अमिताभ बच्चन और अजय देवगन के के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर बेहद खुश और उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यदि आपने अपने जीवन में जो काम किया है और उसी काम को करने के लिए आपको कोई बड़ा प्लेटफॉर्म मिलता है, तो क्या आप डर जाएंगे। यदि आप डर जाते हैं तो आपके काम का कोई फायदा नहीं है। इसीलिए काम जितना चुनौतीपूर्ण होता है, मुझे काम करने में उतना ही मजा आता है।

गौरतलब है कि अजय देवगन के निर्देशन में बनीं रनवे 34 की कहानी दोहा से कोच्चि जा रहे विमान में हुई सच्ची घटना से प्रेरित है। फिल्म 'रनवे 34' में अजय देवगन, अमिताभ बच्चन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म में अजय एक कॉमर्शियल पायलट के रोल में हैं और वह 35 हजार फीट की ऊंचाई में खराब मौसम के बीच फ्लाइट के पैसेंजर्स की जान बचा रहे होते हैं। रकुल प्रीत सिंह एक महिला पायलट के रोल में हैं। वहीं अमिताभ बच्चन एक सीनियर ऑफिसर के रोल में हैं। यह फिल्म ईद के मौके पर 29 अप्रैल 2022 को रिलीज होगी।

सामंथा रुथ प्रभु की यशोदा 12 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा में उनके आइटम नंबर ने ना जाने कितनों को दीवाना बना लिया होगा। अभिनेत्री के डांस और अदाओं पर फैंस फिदा हो गए थे। अब उनकी नई फिल्म यशोदा की घोषणा हो गई है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। यह फिल्म 12 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

समीक्षक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, सामंथा की पैन इंडिया फिल्म यशोदा को रिलीज डेट मिल गई है। फिल्म 12 अगस्त, 2022 को आएगी। हरि शंकर और हरीश नारायण फिल्म का निर्देशन करेंगे। शिवलेंका कृष्ण प्रसाद द्वारा फिल्म का निर्माण किया जाएगा। मई के अंत तक इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी। शिवलेंका श्रीदेवी मूवीज के बैनर तले फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे।

फिल्म का लेखन भी हरि और हरीश की जोड़ी ने किया है। यह एक साइंस फिक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो हिन्दी सहित तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। यशोदा में उन्नी मुकुंदन और वरलक्ष्मी सरथकुमार नजर आएंगे। राव रमेश, मुरली शर्मा, संपत राज, शत्रु, मधुरिमा, कल्पना गणेश, दिव्या श्रीपदा और प्रियंका शर्मा जैसे कलाकार भी फिल्म में अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगे। खबरों की मानें फिल्म को 30 करोड़ रुपये के बजट में बनाया जाएगा।

अभिनेता वरुण धवन ने सिटाडेल के हिन्दी वर्जन के लिए अमेजन प्राइम वीडियो के साथ हाथ मिलाया है। वह इस सीरीज में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस सीरीज में सामंथा वरुण के अपोजिट नजर आएंगी। यह प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी ड्रामा सीरीज सिटाडेल का देसी संस्करण होगा। बताया जा रहा है कि मेकर्स को एक फ्रेश जोड़ी की तलाश थी। यही वजह है कि उन्होंने सामंथा को कास्ट किया। इस सीरीज में वह एक्शन अवतार में दिखेंगी।

सामंथा ने हॉलीवुड निर्देशक और स्क्रीनराइटर फिलिप जॉन की अगली फिल्म अरेंजमेंट्स ऑफ लव साइन कर ली है। वह जल्द बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अपनी चुप्पी साध रखी है कि वह किस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में पदार्पण करेंगी। हाल में खबरें सामने आई थीं कि उन्हें यशराज फिल्म्स की तरफ से तीन फिल्मों का ऑफर मिला है। सामंथा को पिछले साल द फैमिली मैन 2 में देखा गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की सूची में शामिल हैं। हाल में उन्होंने अपना फीस बढ़ाया है और एक फिल्म के लिए वह करीब 3-4 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं।

बेहद भावुक फिल्म है 'जयेशभाई जोरदार' : रणवीर सिंह

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म बेहद भावुक फिल्म है, जो लोगों को रोने पर मजबूर कर देगी। रणवीर सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म जयेशभाई जोरदार को लेकर बताया, यह बेहद भावुक फिल्म है, जो लोगों को बेहद रूलाएगी। गौरतलब है कि फिल्म जयेशभाई जोरदार में रणवीर सिंह एक गुजराती व्यक्ति का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे, जो समाज की पितृसत्तात्मक सोच और कुर्तियों का पुरजोर विरोध करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ शालिनी पांडेय,बोमन ईरानी और रत्न पाठक शाह भी अहम किरदार में दिखाई देंगी। दिव्यांग टक्कर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 13 मई, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

16 साल बाद विलारियल सेमीफाइनल में पहुंचा

छह बार के चैंपियन बायर्न म्यूनिख को किया टूर्नामेंट से बाहर

नई दिल्ली। छह बार की विजेता बायर्न म्यूनिख को विलारियल ने अंतिम क्षणों में गोल कर चैंपियंस लीग से बाहर कर दिया। बायर्न 88 मिनट तक 1-0 की बढ़त पर रहा, लेकिन इस दौरान विलारियल के सैमुअल चुकवुएज ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसी स्कोर पर मुकाबला बराबरी पर छूटा और 2-1 के गोल औसत के साथ विलारियल ने 16 साल बाद चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वाटर फाइनल के पहले चरण में स्पेनिश क्लब ने बायर्न को 1-0 से पराजित किया था।

75 हजार की क्षमता वाले बायर्न के स्टेडियम आलियांज एरीना में उसकी घरेलू टीम को दिल तोडने वाली हार मिली। अगर दोनों क्लबों की तुलना करें तो दक्षिणी स्पेन के इस क्लब के निवासियों की संख्या 50 हजार के आसपास है। ये निवासी अकेले बायर्न के आलियांज एरीना में समां सकते हैं। विलारियल के कोच उनाई एमरी ने मैच के बाद कहा भी उनका छोटा सा शहर जरूर है, लेकिन उनके खिलाड़ी बेहद मजबूत हैं।

52वें मिनट में राबर्टो लेवेंडोवस्की ने गोल कर बायर्न को बढ़त दिलाई। पूरे मैच में दबदबे के बावजूद उसके हिस्से में यही गोल आया। विलारियल सेमीफाइनल में लीवरपूल और बेनफिका के विजेता से खेलेगी।

गुजरात टाइटंस से हो सकती है मैथ्यू वेड की छुट्टी

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2022 का 24वां मुकाबला मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में जीत हासिल कर दोनों टीमों की नजरें प्वाइंट्स टेबल में टॉप करने पर होगी। राजस्थान और गुजरात दोनों टीमें ने अभी तक 3-3 मैच जीतकर 6 अंक हासिल किए हैं, मगर बेहतर रन रेन होने की वजह से राजस्थान रॉयल्स पहले स्थान पर है, तो वहीं गुजरात टाइटंस 5वें पायदान पर है। राजस्थान अपने पिछले मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स को तीन रनों के अंतर से मात देकर यहां पहुंची है, वहीं गुजरात अपना पिछला मैच सनराइजर्स हैदराबाद से हारी थी और यह इस सीजन की उनकी पहली हार थी। ऐसे में हार्दिक पांड्या की यह टीम वापस जीत के ट्रैक पर लौटना चाहेगी। ऐसे में दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव होने की संभावनाएं हैं। आइए एक नजर डालते हैं राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस की संभावित प्लेइंग इलेवन पर राजस्थान रॉयल्स ने अपने पिछले मुकाबले में साउथ अफ्रीका के रस्सी वैन डेर डूसन को मौका दिया था। मगर वह ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाए थे। ऐसे में आज टीम नीशम को प्लेइंग इलेवन में जगह दे सकती है। नीशम के आने से राजस्थान को गेंदबाजी में भी अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को मिली लगातार 5वीं हार, पंजाब किंग्स ने 12 रन से जीता मुकाबला

नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (70) और कप्तान मयंक अग्रवाल (52) के अर्धशतकों की बदौलत पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 2022 आईपीएल के 23वें मैच में बुधवार को 12 रन से हरा दिया। इस सीजन मुंबई इंडियंस की ये लगातार पांचवीं हार है। पंजाब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 198 रन का विशाल स्कोर बनाया, जबकि मुंबई काफी कोशिशें करने के बावजूद नौ विकेट पर 186 रन तक ही पहुंच सकी। पंजाब ने पांच मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

लक्ष्य का पीछा करते हर मुंबई ने 31 रन की ठोस शुरुआत की। लेकिन इस अच्छी शुरुआत के बाद दोनों ओपनरों के विकेट गंवा दिए। कप्तान रोहित शर्मा ने कागिसो रबाडा पर जोरदार छक्का मारा, लेकिन अगली गेंद पर कैच उछाल बैठे। रोहित शरीर पर आती गेंद पर पुल करना चाहते थे लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा ले गई और स्क्वायर लेग की दिशा में खड़ी हो गई। शॉर्ट फाइन लेग ने आगे आकर डाइव लगाई और कैच लपक लिया। पंजाब को मिल गया है बहुत बड़ा विकेट। रोहित ने 17 गेंदों पर 28 रन में तीन चौके और दो छक्के लगाए।

अगले ओवर में ईशान किशन आउट हो गए। वैभव अरोड़ा की गेंद किशन को। ऑफ स्टंप पर गुड लेंथ, गिरकर हल्का सा बाहर की ओर निकली, डिफेंस करना चाहते थे लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेती हुई कीपर के हाथों में पहुंची। मुम्बई का दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गिरा।

डेवाल्ड ब्रेविस ने राहुल चाहर के एक ओवर में चार छक्के उड़ाने सहित 29 रन बटोरे। लेकिन वह मात्र एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। ओडीन स्मिथ की गेंद पर अर्शदीप ने ब्रेविस का कैच लपका। ब्रेविस ने 25 गेंदों पर 40 रन में चार चौके और पांच छक्के लगाए। तिलक वर्मा 20 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों के सहारे 36 रन बनाकर 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सिंगल चुराने के चक्कर में रन आउट हो गए।

कीरोन पोलार्ड 10 गेंदों में 11 रन बनाकर टीम के 152 के स्कोर पर रन आउट हो गए। हल्की सी मिसफील्ड हुई ओडीन से और दूसरा रन लेने के चक्कर में तालमेल में हुई कमी और दोनों बल्लेबाज़ आधी पिच पर खड़े रह गए, ओडीन का थ्रो सीधे विकेटकीपर के पास था और पोलार्ड दूर दूर तक क्रीज़ के आसपास भी नहीं थे, मुंबई को लगा बहुत बड़ा झटका। मुम्बई को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए चाहिए थे 28 रन और मुंबई की सारी उम्मीदें सूर्यकुमार पर टिकी थीं। सूर्य 30 गेंदों में एक चौके और चार छक्कों की मदद से 43 रन बनाकर रबादा की गेंद पर स्मिथ को ऊंचा कैच दे बैठे।

पेट्रोल-डीजल के दाम आठवें दिन रहे स्थिर

नई दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले आठ दिन से कोई बदलाव नहीं किया है, जिसके कारण गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहीं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर हैं। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 और 99.83 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.27 प्रतिशत गिरकर 108.49 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.66 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने पिछले 23 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार लगातार आठवां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

रेल टिकट बुक कराना अब और हुआ आसान आईआरसीटीसी ने किया ये बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने टिकट बुकिंग के मामले में एक बड़ा बदलाव किया है। इस नए बदलाव के तहत अब यात्रियों को टिकट बुकिंग कराने के दौरान अपना पता दर्ज नहीं करना होगा। रेलवे बोर्ड ने तत्काल प्रभाव से बुकिंग के समय इस जानकारी के मांगे जाने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

रेलवे बोर्ड ने जारी किया आदेश

रेलवे बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि सभी जोनल रेलवे इस दिशा में तुरंत कार्रवाई करें। आईआरसीटीसी अपने सॉफ्टवेयर में भी बदलाव करेगी। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के दौरान डेस्टिनेशन एड्रेस के जरिए कोविड के सकारात्मक मामले आने पर ट्रेसिंग में मदद मिलती थी। इस प्रावधान के हटने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। वे जल्द टिकट बुकिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। बता दें कि तत्काल टिकट बुक कराने के दौरान यात्रियों को ज्यादा जानकारियां भरने के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बता दें कि कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप के बीच आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एप पर रेलवे का टिकट बुक कराने के दौरान डेस्टिनेशन एड्रेस भरना अनिवार्य कर दिया गया था। जिसे अब रेल मंत्रालय की ओर से बदल दिया गया है।

गृह मंत्रालय से ली गई थी राय

रेलवे बोर्ड के मुताबिक, जोनल रेलवे की ओर से कहा गया था कि अब जबकि कोविड संबंधी प्रतिबंध हट चुके हैं तो क्या यात्रियों से टिकट बुकिंग के दौरान अब डेस्टिनेशल एड्रेस डालना जरूरी रखा जा सकता है। रेलवे बोर्ड ने इसके बाद गृह मंत्रालय से राय ली थी। गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया था कि 31 मार्च 2022 के बाद कोई भी कोविड-19 रोधी उपाय लागू नहीं रहेगा। इसलिए फैसला लिया गया है कि अब यात्रियों से टिकट बुकिंग के दौरान पता नहीं पूछा जाएगा।

शेयर बाजार में इस साल की सबसे लंबी छुट्टी शुरू, चार दिन नहीं होगी ट्रेडिंग

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज और कारोबार नहीं होगा, जबकि शनिवार और रविवार को बाजार का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। यानी पूरे चार दिन शेयर बाजार बंद रहेगा। स्टॉक मार्केट हॉलिडे लिस्ट के मुताबिक, साल 2022 में कुल शनिवार और रविवार को छोड़कर कुल 13 छुट्टियां हैं। इनमें से सबसे लंबी छुट्टी कल से शुरू हो गई है। इस साल का अंतिम स्टॉक मार्केट हॉलिडे 8 नवंबर 2022 को गुरुनानक जयंती के अवसर पर होगा।

इस वजह से बंद रहेगा बाजार

बता दें कि 14 अप्रैल को महावीर जयंती/डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती के मौके पर और कल 15 अप्रैल 2022 को गुड फ्राइडे के चलते शेयर बाजार बंद रहेगा। गौरतलब है कि 14 और 15 अप्रैल क्रमशः गुरुवार और शुक्रवार है, ऐसे में अप्रैल में सबसे ज्यादा दिन के लिए बाजार बंद होगा। यह सबसे बड़ा अवकाश इसलिए होगा, क्योंकि 16 और 17 अप्रैल को शनिवार और रविवार होगा। यानी पूरे चार दिन का अवकाश।

कमोडिटी मार्केट में भी बंदी

कमोडिटी मार्केट की बात करें तो मल्टी कमोडिटी इंडेक्स ऑफ इंडिया की ओर से 14 अप्रैल को कारोबारी सत्र के पहले हिस्से में छुट्टी रहेगी। जबकि दूसरे सत्र में कारोबार जारी रहेगा। पहला सत्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलता है। वहीं दूसरा सत्र 5 बजे से 11.55 बजे तक चलता है। इसके अलावा 15 अप्रैल को दोनों सत्रों के लिए कमोडिटी बाजार बंद रहेगा।

सितंबर-अक्तूबर में तीन-तीन छुट्टियां

मई की बात करें तो ईद-उल-फितर (रमजान ईद) के लिए भारतीय शेयर बाजार 3 मई 2022 को अवकाश रहेगा। इस महीने में यह एकमात्र शेयर बाजार की छुट्टी होगी। जबकि, अगस्त और अक्तूबर महीने में तीन-तीन छुट्टियां होंगी। सूची पर नजर डालें तो अगस्त 2022 में, मुहर्रम, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी त्योहारों के लिए क्रमशः 9, 15 और 31 अगस्त को शेयर बाजार की छुट्टियां होंगीं, जबकि इसी तरह, अक्तूबर 2022 के महीने में 5, 24 और 26 तारीख को क्रमशः दशहरा, दीवाली लक्ष्मी पूजन और दिवाली बलिप्रतिपदा त्योहारों के लिए तीन दिन के लिए शेयर बाजार में काम-काज नहीं होगा।

इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग 24 अक्तूबर को होगी

मुहूर्त ट्रेडिंग 24 अक्टूबर 2022 (दिवाली-लक्ष्मी पूजन) के दिन होगी। मुहूर्त ट्रेडिंग 2022 का समय बाद में अधिसूचित किया जाएगा। इसके बाद नवंबर 2022 के महीने में, 8 नवंबर को गुरुनानक जयंती उत्सव के लिए सिर्फ एक शेयर बाजार की छुट्टी होगी। जैसा कि ऊपर बताया गया है, यह वर्ष 2022 में पड़ने वाला आखिरी शेयर बाजार अवकाश (स्टॉक मार्केट हॉलिडे) होगा।

सीएम का 2 मई से मैराथन दौरा, प्रशासन को 1 दिन पहले ही दी जाएगी दौरे की जानकारी

■ **प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 मई से प्रदेश के सभी विधानसभाओं का मैराथन दौरा करेंगे। प्रशासनिक स्तर पर उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। खास बात है कि मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम की जानकारी जिला प्रशासन को भी नहीं होगी, जिला प्रशासन को एक दिन पहले ही दौरे की जानकारी दी जाएगी। ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी सच्चाई पता चल सके। मुख्यमंत्री शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेंगे। इस दौरान लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर गाज भी गिर सकती है, इसलिए जिला स्तर पर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीन स्तर पर अवलोकन करेंगे। आम लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों से चर्चा कर उनका फीड बैक भी लेंगे। सीएम के निर्देश पर उनके दौरे की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वे अपने इस दौरे के दौरान गांवों, तहसील कार्यालयों, पुलिस थानों, जनपद कार्यालयों, स्कूलों, आंगनबाड़ियों, स्वास्थ्य केंद्रों के कामकाज तथा सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत अधोसंरचनाओं की उपलब्धता की समीक्षा करेंगे।

इन योजनाओं पर रहेगी खास नजर

अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुराजी गांव योजना के अंतर्गत नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मिलेट मिशन, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना, वन अधिकार कानून, वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण, छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं, कार्यक्रमों तथा अभियानों की समीक्षा करेंगे।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 17 को

गरियाबंद/नवप्रदेश। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 17 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से 01 तक शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद में चयन परीक्षा आयोजित किया गया है। जिले में 01 परीक्षा केन्द्र शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद को बनाया गया है। जिसमें अनुक्रमांक 240001 से 240595 तक परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी निर्धारित समय से 1 घण्टा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देवें। सभी विद्यार्थी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अपना अनुक्रमांक प्राप्त कर सकते हैं तथा परीक्षा दिवस के पूर्व कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद कक्ष क्रमांक 56 से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु एक-एक पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य है।

सुरहोली में जल संकट

पानी के लिए ग्रामीणों ने किसान नेता से लगाई गुहार, आंदोलन की दी चेतावनी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लॉक के ग्राम सुरहोली के ग्रामीणों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा हैं। लगातार शिकायत के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं होने से गांव की महिलाओं में खासी नाराजगी हैं। महिलाओं ने इसकी शिकायत किसान नेता योगेश तिवारी से कर समस्या के निराकरण का आग्रह किया। महिलाओं ने किसान नेता को बताया गांव में जल संकट के कारण दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही। पानी की व्यवस्था में दिन भर गुजर जाता है। पंचायत स्तर पर शिकायत के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 35 लाख स्वीकृत हुआ है। फील्ड इंजीनियर डीएल वर्मा ने बताया कि योजना अंतर्गत 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका, सप्ताह भर के भीतर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल टेस्टिंग जारी है।

समस्या का समाधान नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

किसान नेता के अनुसार जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक पानी पहुचाना हैं, लेकिन विधानसभा के कई गांव में योजना अंतर्गत पानी नहीं मिलने की शिकायत मिल रही हैं। सुरहोली में योजना अंतर्गत करीब 100 घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। पुरानी पानी टंकी से जलापूर्ति की जाएगी। किसान नेता ने योजना अंतर्गत सप्ताह भर के भीतर जलापूर्ति शुरू नहीं होने पर पीएचई के जिला कार्यालय के सामने आंदोलन की चेतावनी दी हैं।

गांव में जल संकट, ठेकेदार को दे रहे पानी : किसान नेता योगेश तिवारी ने ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण के लिए ग्राम सुरहोली पहुंचे। उन्हें ग्रामीणों की शिकायत सही मिली। एक ओर जहां गांव के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, वही पंचायत की ओर से सड़क ठेकेदार को पावर पम्प से सड़क निर्माण के लिए पानी दिया जा रहा है। इस पर किसान नेता ने आपत्ति दर्ज कराई। जिस पर सरपंच ओमप्रकाश साहू ने सड़क ठेकेदार को पानी देने पर रोक लगाई।

आंगनबाड़ी के बच्चों को नहीं मिल रहा रेडी टू ईंट का लाभ

बच्चों का हक मार रहा है महिला स्व सहायता समूह : रविन्द्र

सूरजपुर। पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट फूड प्रदाय नहीं किया गया है। शासन की महत्वकांक्षी योजना का परिसंचालन एवं देख-रेख ठीक ढंग से नहीं होने के कारण योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि शासन की बहुमुखी योजना मात्र औपचारिक बनकर रह गई है। महिला बाल विकास द्वारा संचालित स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव, समूह की मिली-भगत होने के कारण लाभ से वंचित हो रहे हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किया गया जिस पर तत्काल महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी ने समूह के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब मांगा लेकिन समूह के संचालक के द्वारा नेतागिरी करवा कर मामला को दबाना चाह रहे हैं। इसी वजह से अभी तक इस मामले में ना तो जवाब दिया गया है और ना ही कोई कार्रवाई की गई है। महिला स्व सहायता समूह की हौंसले इतने बुलंद है कि सत्ता पक्ष के नेताओं से काफी लगाव है। ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं जिनके ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं हो सकता। क्योंकि इनके ऊपर सत्ता पक्ष के नेताओं का आशीर्वाद है अब देखने वाली बात यह होगी कि ऐसे समूह के ऊपर करवाई होती है या नहीं - सरकारी काम में लापरवाही बरतने तथा सूचना देने के बाद भी अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया जो कि 4 अप्रैल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। एकीकृत बाल विकास परियोजना भैयाथान अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों के द्वारा शिकायत किया गया। सेक्टर भैयाथान के ग्राम पंचायत कुसमुसी में जनवरी से मार्च तक एक भी आंगनबाडी केन्द्रों को पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट फूड प्रदाय नहीं किया गया है और उक्त माह का बिल आहरण हेतु परियोजना कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्य से शासन को वित्तीय क्षति पहुंचने की प्रयास किया गया। साथ ही रेडी टू ईट फूड वितरण हेतु समूहों के साथ किये गये अनुबंध की शर्तों के प्रतिकूल है। परियोजना अधिकारी भैयाथान के द्वारा उक्त मामले के सम्बंध में 3 दिवस के भीतर नोटिस का जवाब इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित कराने को कहा गया था लेकिन अभी तक कोई भी जवाब नहीं दिया गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से इस प्रकार की अनियमितताएं अन्य विभागों में भी प्रदर्शित हो रही है। सरकार में पहले तो कांग्रेस पार्टी समर्पित लोग ही रेडी टू ईट और सोसाइटी जैसे सेवाओं का संचालन कर रहे हैं और कार्यकर्ता होने की आड़ और उनके पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के संरक्षण में प्रशासन की वित्तीय विधि के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। यदि ऐसी परिस्थिति आने वाले समय में ठीक नहीं होती है तो भाजयुमो ऐसी अव्यवस्था के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ने को भी तैयार है।

निगम में अवकाश के दिनों में भी होगी राजस्व वसूली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। करदाताओं की सुविधा के लिये निगम राजस्व कार्यालय अवकाश के दिनों में खुली रहगो। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक अवकाश के दिनों में नगर निगम का राजस्व कार्यालय खुली रहेगी। जहां करदाता अपने करो का भुगतान कर सकते हैं। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के संपत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जायेगा। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137 (1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जावेगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से 31 जुलाई 2022 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जाएगी। इसी प्रकार 1 अगस्त से 30 दिसंबर तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जाएगी।

केन्द्रीय मंत्री पुरी ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के कामकाज की समीक्षा की

महासमुन्द/नवप्रदेश। केन्द्रीय मंत्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी मामले हरदीप सिंह पुरी आज महासमुंद प्रवास के दौरान जिला पंचायत के सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने किए जा रहे कार्यों का प्रोजेक्टर के जरिए प्रस्तुतीकरण दिया। मंत्री पुरी ने कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा आप लोग जिले के लोगों और यहां के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहें हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विकास और समस्याओं और उसके समाधान के लिए भी अधिकारियों से विस्तार से बात की। उन्होंने कहा नीति आयोग की ओर से जारी लिस्ट में कुछ पैरामीटर में न्यूट्रिशन में और ज्यादा काम करने की जरूरत है। इसकी पूरी योजना बनाकर और तेजी से काम किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनसे जो भी मदद चाहिए वो उन्हें बताएं। उनकी ओर से हर संभव मदद मुहैया करायी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास शहरी के छग में आंकड़ों पर भी बात की। वहीं उन्होंने महासमुंद का प्रधानमंत्री आवास का जिक्र करते हुए कहा कि जिले में 6692 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है। जिसमें 4591 आवास पर काम हो रहा है। जिसमें 2796 हितग्राही लाभान्वित हुए है। उन्होंने इसमें आ रही समस्या और उसके समाधान की बात कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं लोगों के हित के लिए हैं। इन योजनाओं में यदि कोई परेशानी या दिक्कत आती है, उसे बताने में कोई परहेज नहीं करना चाहिए। महासमुंद के न्यूट्रिशन में केन्द्र कैसे सहायता कर सकती है या कोई योजना हो उसे भी सामने रखें। कलेक्टर ने बताया कि कमार जनजाति के 3 से 6 वर्ष आयु के बालक एवं 1 से 49 वर्ष की बालिका और महिलाओं को सप्ताह में तीन दिन उबला अण्डा दिया जा रहा है। इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की स्वच्छता मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना या अन्य योजना में जिले में कितनी डिमांड है या कोई डिमांड बचती है वो भी रखें। उन्होंने जल जीवन मिशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पर्यटन को ब?ावा देने की बात कही। ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। देश विदेश के लोगों को यहां की कुदरती खूबसूरती को करीब से देखने का मौका मिले।

समाधान शिविर में एक ही दिन में 113 लोगों का बना लर्निंग ड्राइविंग लायसेंस

कोरबा/नवप्रदेश। ड्रायविंग लाइसेंस की जरूरत न केवल वाहन चलाने के लिए जरूरी है वरन विभिन्न अवसरों व स्थानों पर यह एक वैध पहचान पत्र के रूप में पूरे देश में मान्य हैं। लर्निंग लाइसेंस बिना आरटीओ दफ्तर जाये गांव में ही चंद घण्टों में मिल जाए तो बड़ी राहत मिलती है। कलेक्टर रानू साहू की पहल पर सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड करतला के रामपुर में आयोजित समाधान शिविर में कुछ ऐसा ही नजारा सामने आया। जहां बड़ी संख्या में परिवहन विभाग ने इंटरनेट कनेक्टिविटी विहीन ग्राम में अमले के साथ रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन ,एप्रूवल जैसे कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कर शिविर स्थल पर ही 113 लोगों को अस्थाई (लर्निंग)लाइसेंस प्रदान की गई। समाधान शिविर में रामपुर निवासी 20 वर्षीय युवा साहिल अंसारी भी लाभान्वित हुए। जिन्हें भीषण गर्मी में रामपुर से कोरबा आरटीओ दफ्तर जाये बगैर लर्निंग लाइसेंस मिल गया। साहिल ने बताया कि गांव से जिला मुख्यालय दूर होने के कारण अभी तक ड्राइविंग लायसेंस नहीं बनवा पाया था। जिला प्रशासन द्वारा रामपुर में आयोजित शिविर में लायसेंस बनने की जानकारी मिलने पर शिविर में आकर लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन किया। परिवहन विभाग के स्टॉल में लायसेंस बनाने के लिए आवश्यक कर्मचारी और कम्प्यूटर आदि तकनीकी चीजों की व्यवस्था की गई थी। आवेदन देने के एक घंटे के भीतर लर्निंग लायसेंस बनाकर दे दिया गया। साहिल ने बताया कि गांव में ही लायसेंस बन जाने से काफी खुशी हो रही है। शिविर में लायसेंस बन जाने से दूर आरटीओ दफ्तर जाने की परेशानी से भी राहत मिल गई।

आवश्यकता है
WaterAid
1. फील्ड फैसिलेटर – 02 पद
शैक्षणिक योग्यता - BSW/MSW Social Science
महिला अभ्यर्थियों को उक्त पद पर वरीयता दी जावेगी।
waindiahr@wateraid.org
पता – कृष्ण मंदिर के सामने, श्याम नगर रायपुर (छ.ग.), पिन – 492001

आवश्यकता
दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र रायपुर में सिटी रिपोर्टर एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
संपर्क समय - 12 से 5 बजे
रायपुर कार्यालय फोन नं. - 0771-4035602

राज्य स्तरीय
कृषि समृद्धि मेला 2022
का
समापन समारोह
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य,
श्री रविन्द्र चौबे, माननीय कृषि मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में
शुक्रवार, 15 अप्रैल 2022, अपरान्ह 3:00 बजे
स्थान - साइंस कॉलेज मैदान, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)

- राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत खरीफ मौसम की कृषि एवं उद्यानिकी फसलों पर प्रतिवर्ष रू. 9000/- प्रति एकड़ आदान सहायता।
- पंजीकृत धान रकबे के स्थान पर सुगंधित धान, दलहन, तिलहन, उद्यानिकी, वृक्षारोपण पर रू. 10,000/- प्रति एकड़ आदान सहायता।
- राजीव गांधी किसान न्याय योजना में दो वर्षों में लगभग 27 लाख से अधिक किसानों को 11 हजार 180 करोड़ तथा वर्ष 2022-23 में 27 लाख किसानों को 7 हजार करोड़ राशि का भुगतान।
- गोधन न्याय योजना के अंतर्गत 2 रूपये प्रति किलो की दर से गोबर क्रय कर वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण।
- प्रदेश के गौठानों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाने का कार्य प्रारंभ।
- लघु वनोपज संघ के माध्यम से कोदो-कुटकी-रागी का रू. 3000 प्रति क्विंटल की दर से क्रय।
- वर्ष 2022-23 से प्रदेश 20 आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में मिलेट मिशन का शुभांरभ।
- खरीफ 2022-23 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अरहर, मूंग एवं उड़द का क्रय।
- राज्य के 14 आदिवासी बाहुल्य जिलों, 25 विकासखण्डो में विश्व बैंक सहायतित चिराग परियोजना का संचालन।
- लाख एवं मछली पालन को कृषि का दर्जा दिये जाने से ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा।



कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन